# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–264 । सागर, मंगलवार, 14 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए


## मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा

### मध्य प्रदेश संकल्प पत्र



- 5 सालों तक गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन
- किसानों से ₹2700 प्रति क्विंटल पर गेहूं और ₹3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की होगी खरीद
- उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को ₹450 में मिलेगा गैस सिलेंडर
- मध्यप्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे
- लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा पक्का मकान
- प्रत्येक परिवार में कम से कम एक सदस्य को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर
- 15 लाख ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण द्वारा लखपति बनाएंगे
- लाड़ली लक्ष्मियों को जन्म से 21 वर्ष तक कुल ₹2 लाख देंगे
- गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे
- जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए ₹3 लाख करोड़
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर करेंगे ₹4,000 प्रति बोरा
- गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा
- सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ मिलेगा पौष्टिक नाश्ता
- IIT और AIIMS के तर्ज पर खुलेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी और मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस
- 13 सांस्कृतिक लोकों का होगा भव्य निर्माण
- 6 नए एक्सप्रेस वे का निर्माण- विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा, अटल प्रगति, मालवा निमाड़, बुंदेलखंड एवं मध्य भारत विकास पथ
- 80 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ वंदे मेट्रो, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और रीवा, सिंगरौली और शहडोल में बनेंगे हवाई अड्डे
- एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय और एसटी बहुल जिलों में खुलेगा मेडिकल कॉलेज
- ₹20,000 करोड़ के निवेश से स्वास्थ्य व्यवस्था बनेगी हाई-टेक, हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या होगी दोगुनी



प्रकाशक- एमपी बीजेपी, प्रदेश कार्यालय

**कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं**

भाजपा का संकल्प पत्र डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

# पंजाब पुलिस बल के साथ सड़कों पर निकाला फ्लेग मार्च, शांति पूर्ण मतदान करने दिया संदेश



**शाहगढ़, देशबन्धु।** दीपावली और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पंजाब से शाहगढ़ पहुंचे 90 पुलिस बल के साथ पंजाब पुलिस अधीक्षक सहित शाहगढ़ पुलिस ने नगर में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो इसे देखते हुए रविवार को पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान पंजाब पुलिस अधीक्षक सहित टीआई अर्चना सिंह तहसीलदार विजय कांत त्रिपाठी, सीएमओ एमजी गोस्वामी ने नगरवासियो से आचार संहिता का पालन करने की अपील भी की। साथ ही क्षेत्र में माहौल खराब करने वालों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा, उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस दौरान तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी, थाना प्रभारी अर्चना सिंह सहित पंजाब पुलिस के जवान उपस्तिथ रहे। बंडा विधानसभा निर्वाचन को लेकर 17 तारीख को 292 पोलिंग बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक बोटिंग होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही विधान सभा में आदर्श आचरण संहिता के पालन के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सीएमओ एमजी गोस्वामी सहित शाहगढ नगर पंचायत टीम द्वारा नगरीय क्षेत्रों में बनाए गए 13 पोलिंग बूथों सहित सार्वजनिक जगहों पर लगाए गए राजनैतिक पदाधिकारियों या कार्यकर्ताओं की फोटो आदि लगी सभी प्रकार के होर्डिग्स, पोस्टर्स, बैनर आदि को हटाने की कार्यवाही की जा रही हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्रों मनाया मिलन समारोह




**बीना, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन मां सरस्वती के पूजन अर्चन से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरारी गोस्वामी नगर संघ संचालक ने अपने उद्बोधन में बताया कि व्यक्तित्व निर्माण बिना शिक्षा वैसी ही है, जैसे बिना नींव के मकान। सरस्वती शिशु मंदिर में व्यक्तित्व निर्माण खेल-खेल के माध्यम से किया जाता है। भैया आकाश बजाज ने बताया कि विद्यालय में आना मुझे घर जैसा लगता है। भैया जितेन्द्र ने बताया कि आज जो 70 प्रतिशत बच्चे इंजीनियरिंग क्षेत्र में काम कर रहे हैं, वे सरस्वती शिशु मंदिर के ही छात्र हैं। भैया विनय विश्वकर्मा ने बताया कि हमें आज जो भी मिला है वह सरस्वती शिशु मंदिर से ही मिला है। जिला सचिव महेश अग्रवाल ने भैया बहनों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए देव ऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण, गुरु ऋण, समाज ऋण के बारे में बताया। जो हमारे ऊपर ऋण हैं, उनका हमें चिंतन करना चाहिए एवं पर्यावरण की अनदेखी करने पर हम कितने दुष्परिणाम भुगत रहे हैं इस संबंध में समाज को जागृत करें। माता-पिता को सम्मान मिलना चाहिए। हमें 10 प्रतिशत दान अवश्य करना चाहिए जो शिक्षा एवं गौ सेवा के लिए हो हमारे यहां त्रिभाषा में अध्यापन कार्य कराया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुढोतिया ने पूर्व छात्र मिलन समारोह का उद्देश्य एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण दिवस हर शनिवार को होता है, जिसमें शिक्षा के अलावा अन्य विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाता है एवं शहर से उन विषयों से संबंधित विद्वत जनों को बुलाया जाता है। दोनों तरफ के मस्तिष्क को विकसित करने के लिए बाएं हाथ से लेखन कार्य कराया जाता है। सप्ताह में तीन दिन माता पिता की वंदना व तीन दिन सैनिकों के प्रति भाव जागृत करने के लिए सैनिक वंदना भी की जाती है। आप सभी विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं आपने जो यहां संस्कार अनुशासन सीखे हैं उसे अपने जीवन में उतारें। मंच संचालन सीमा ताम्रकार एवं श्रीमती ऋतंभरा रिछारिया एवं अतिथि स्वागत राजेश तिवारी ने किया। मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 50 पूर्व छात्र भैया बहिन, देवी लाल अहिरवार, यवस्थापक अंकित जैन, कोषाध्यक्ष आदित्य बुधौलिया एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# विभिन्न अपराधो में लिप्त बदमाश को किया जिला बदर



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा चलाये जा रहे गुण्डा, निगरानी बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अभियान के तहत गुण्डा बदमाश अनावेदक फैजल पिता शब्बीर हसन कुरैशी उम्र 23 साल निवासी बरौदिया नौनागिर थाना खुरई ग्रामीण द्वारा वर्ष 2017 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर मारपीट, नकबजनी, बलवा, गुण्डागर्दी, महिला प्रताड़ना, छेडछाड, नाबालिक लड़की का अपहरण, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने जैसे कुल 5 अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय विचाराधीन है जिसका जिला बदर प्रकरण तैयार कर कलेक्टर सागर भेजा गया था जिससे कलेक्टर द्वारा अनावेदक के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3. 5 के तहत सीमा दमोह, छतरपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, विदिशा, अशोकनगर एवं टीकमगढ़ की राजस्व सीमाओं से बाहर करने हेतु छह माह के लिये जिला बदर किया है जिससे 13 नवम्बर 2023 को जिला बदर आदेश तामील कर अनावेदक को सागर जिले के सीमाओं से बाहर से किया गया है।

# दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**राहतगढ़, देशबन्धु।** रविवार को दीपावली का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में विधि विधान से लक्ष्मी पूजन किया और इसके बाद आतिशबाजी भी की गईं। बच्चों ने भी इस मौके पर आनंद उठाया। घरों को दीपों से रोशन कर लक्ष्मी गणेश जी के पूजन के बाद आतिशबाजी की गई। दीपावली के दिन पटाखों व मिठाई की दुकानों पर जमकर खरीदारी की गई। दिनभर बाजारों में भारी भीड़ रही। शाम को लोगों ने घरों के साथ-साथ प्रतिष्ठानों को दीपों व मोमबत्ती से रोशनी की। रोशनी से घर और प्रतिष्ठान जगमगा उठे। लक्ष्मी व गणेश के विधिवत पूजन के उपरांत एक दूसरे को मिठाई देकर पर्व की शुभकामनाएं दी गई। यू तो बच्चों ने दिन से ही पटाखे छोड़ने शुरू कर दिए थे, लेकिन रात में पूजन के बाद तेज हुआ पटाखे फोड़ने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वही दीपावली के दूसरे दिन सोमवती अमावस्या होने से आज मंगलवार को गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना होगी एवं भाई दोज बुधवार को मनाया जाएगा।

# दीप से दीप जलाना, दिल नहीं जलाना: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** दिवाली दिल को मिलाने वाली हो। दीप से दीप जलाना, दिल नहीं जलाना, अगर तुम्हारी किसी से कुछ अनबन या खटास उत्पन्न हो गई हो तो उसके घर गिफ्ट लेकर जरूर जाना, गिफ्ट मिल जाने से तुम्हारा मन, दिल, हृदय एक दूसरे में पुन: शिफ्ट हो जाएगा यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी में स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी के 2550 वे निर्वाण कल्याण के अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनिश्री ने कहा भगवान महावीर जैसी दिवाली हो तुम्हारी और यह पर्व त्योहार तुम्हारे परिवार समाज नगर देश के आचरण ज्ञान व समृद्धि में कारण हो। मुनि संघ ने सभी को दीपावली पर मंगल आशीर्वाद देते हुए कहा हिंसा के काम, पटाखों से दूर रहना। ना फोड़ना, ना पटाखे गिफ्ट देना। क्षुल्लक श्रीचंद्रदत्त सागर ने कहा कि किसी के अंधेरे जीवन में जरूर एक दीपक जलाकर मदद करना। उपहार देना, झाड़ू लगाने वाले, सफाई करने वाले सभी कर्मचारी सेवा भावियों का जरूर ध्यान रखना। दिवाली सब की है। रोशनी उल्लास ज्ञान मुक्ति का पर्व त्यौहार जीवन में परिवर्तन लाए तुम हर क्षेत्र में आगे बढ़ो। दीपावली पर्व पर लाडू सजाओ प्रतियोगिता संपन्न हुई। महिलाओं के द्वारा सजाये सुंदर लाडू सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया प्रात: काल श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। कार्यक्रम का संचालन ब्र. अंकित भैया धनेटा ने किया।

# लक्ष्मी पूजा और आतिशबाजी के साथ मनी धूमधाम से दीपावली, हुई दोज गोवर्धन पूजा





**गौरझामर, देशबन्धु।** दीपोत्सव का महापर्व दीपावली गौरझामर में लक्ष्मी पूजा के पश्चात भारी आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाई गई है पटाखो की आवाज से ऐसा लगा मानो गौरझामर छावनी में तब्दील हो गया। दिवाली का पुनीत पावन पर्व हर घर में धूमधाम से मनाया गया इसके पूर्व स्वच्छता अभियान के अंतर्गत घरों की साफ सफाई लिपाई पुताई रंग रोगन से घर को चमकाया गया तत्पश्चात धन की देवी मां लक्ष्मी की मूर्ति घर-घर में लाई गई और स्थापना कर उनकी पूजा अर्चना आरती की गई और घर-घर में दीप जलाए गए। इस अवसर पर भारी आतिशबाजी कर रंग बिरंगे फु लझडी अनार चकरी पटाखे फोड़े व पैराशूट उडाये लोगों ने अपने अपने घरों दुकानों में रंगीन लड़ी झालर लगाकर विद्युत सज्जा के साथ रोशनी की जिससे घर मकान दुकान जगमगा उठे लोगों ने दीपावली की पूजा पूरे विधि विधान से नियत समय पर की दीपावली पवित्र पावन त्यौहार के अवसर पर दीपावली पूजा दोज पूजा एवं गोवर्धन पूजा घर-घर में गोबर के गोवर्धन बनाकर महिलाएं विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं इस दिन मोनिया निकले जाते हैं गांव में वह मोनिया नृत्य धूमधाम से करते हुए और प्रसाद वितरण करते हुए जाते हैं।

# विश्वप्रभु सागर का पिच्छिका परिवर्तन समारोह संपन्न



**मालथौन, देशबन्धु।** रविवार को मालथौन में आचार्य श्री विराग सागर के शिष्य क्षुल्लक श्री विश्वप्रभु सागर का बड़ा मंदिर में पिच्छिका परिवर्तन समारोह भव्यता पूर्वक संपन्न हुआ हैं। समारोह का शुभारंभ आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीपप्रज्वलन कर शुभारंभ किया, इसके पश्चात पाठशाला की बच्चियों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया। नगर में क्षुल्लक श्री का मंगल बर्षायोग चातुर्मास चल रहा है। दीपावली को चातुर्मास का निष्ठावपन किया गया। क्षुल्लक श्री विश्वप्रभु महाराज को नवीन पिच्छी देने का सौभाग्य महिला मंडल को प्राप्त हुआ और पुरानी पिच्छी का लेना का सौभाग्य कल्पना अखलेश रोड़ा को प्राप्त हुआ। इन्होंने नियम संयम को धारण कर पिच्छिका को धारण किया। तद्पश्चात क्षुल्लक श्री ने धर्मसभा को संबोधित किया। चातुर्मास कलश स्थापना के समय मंगल कलशों की स्थापना की गई थी, निष्ठावपन होने के बाद मंगल कलशों का वितरण किया गया, जिसमें शीलचन्द्र कठरया परिवार, दूसरा कलश पदम शीलचन्द्र चौधरी, तीसरा कलश करोड़ी सुनील कुमार चौधरी को प्राप्त हुआ। समारोह में घसीटेलाल, ताराचंद मोदी, बारेलाल कठरया, योगेश कठरया, रमेश हिरंक्षिपा, विनीता मोदी, नीलिमा भायजी, वन्दना चौधरी, रानी चौधरी, संगाती चौधरी आदि मौजूद रही।

# 24 किलों का लाडू चढ़ाये, शाम को मंदिर में 2550 दीपक जलें, रात्रि में घर-घर दीप जलाएं



**शाहगढ़, देशबन्धु।** पावापुरी से मोक्ष प्राप्त 24 वें तीर्थंकर महावीर का 2550 वां निर्वाण महोत्सव हम आज मना रहे हैं भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो का संदेश सब जीवों के प्रति कामना के भाव का संदेश दिया आज सुख भी है और दुख भी है सुख इसलिए कि भगवान महावीर को निर्माण प्राप्त हुआ और दुख इसलिए है कि अब उनका समोशरण और उनकी दिव्य देशना सुनने को नहीं मिलेगी यह बात मुनिश्री विरंजन सागर ने सोमवार को बड़ा मंदिर परिसर में निर्वाण महोत्सव के दौरान धर्मसभा में कहीं उन्होनें कहा कि जियों और जीने दो का संदेश लेकर भगवान महावीर दुनिया में आए इस दुनिया में शांति और स्मारक का संदेश दिया। दीपावली भगवान के निर्वाण प्राप्ति और मोक्ष रूपी लक्ष्मी की प्राप्ति की मंगल कामना को लेकर मनाते हैं और नए वर्ष में भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाया गया। नगर के सभी जिनालयों में सुबह से भगवान महावीर महोत्सव को मनाया गया और निर्माण लाडू चढ़ाया गया। इस दौरान आर्यिका विशीला श्री का आठवां दीक्षा दिवस मनाया गया, दीक्षा दिवस मौके पर आर्यिका श्री द्वारा उपाध्याय श्री को शास्त्र भेंट और पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और मुनिश्री की आहार चर्या जीसी जैन शिक्षक और आर्यिका विशिला श्री की आहार चर्या पत्रकार प्रकाश अदावन को कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुनि श्री विरंजन सागर के सानिध्य में सोमवार को मनाए गए निर्वाण महोत्सव में पावापुरी तीर्थ धाम की अद्भुत क्रतिम बनाए गए मंदिर के समोशरण में लाडू चढ़ाया गया। चातुर्मास निस्थापन क्रिया उपरांत रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को सम्मानित किया गया। शाम की गोधूली बेला में मुनि श्री के सानिध्य में 2550 दीपक प्रज्वलित हुए त्दोपरांत धर घर में दीपक प्रज्वलित हुए और प्रसाद का वितरण किया गया।

## जिले के आठ विधानसभा क्षेत्र में 192 सेक्टर के 2,118 मतदान केंद्रों पर डलेंगे वोट

**सागर, देशबन्धु।** नवंबर माह की 17 तारीख को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में सागर जिले की आठ विधानसभा क्षेत्र में बने 192 सेक्टर के 2 हजार 118 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें बीना में 19 सेक्टर, खुरई में 24 सेक्टर, सुरखी में 26 सेक्टर, देवरी में 23 सेक्टर, रहली में 29 सेक्टर, नरयावली में 23 सेक्टर, सागर में 22 सेक्टर और बंडा में 26 सेक्टर हैं। सभी सेक्टर ऑफिसर उन्हें चिन्हित सेक्टर में शांतिपूर्वक मतदान कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

# पूर्व शिक्षा अधिकारी जेपी ठाकुर का निधन



**बीना, देशबन्धु।** पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 के उप प्राचार्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह के पिता जेपी ठाकुर का 78 वर्ष की उम्र में अचानक हृदयघात से निधन हो गया शिक्षा जगत में जेपी ठाकुर का नाम बड़े कर्तव्य परायणता ईमानदारी के कारण सम्मान से और उपलब्धियां के लिए गिना जाता है वह अपने परिवार में तीन पुत्र अजय सिंह शिक्षक, रणविजय सिंह, दो पुत्री नीलू ठाकुर शिक्षक एवं रितु ठाकुर शिक्षक को छोड़ गए हैं। शहर के अनेक नागरिकों ने इटावा मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मतदान 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा

**सागर, देशबन्धु।** आगामी 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5.30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5.30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपेट को वीवीपेट कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

## 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 65 हजार 142 मतदाता देंगे वोट

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 65 हजार 142 मतदाता वोट करेंगे। इन मतदाताओं में 37 हजार 127 पुरुष, 28 हजार 14 महिलाएं तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन में ऑल वुमेन मैनेज मतदान केंद्र एवं दिव्यांग मतदान केंद्र भी स्थापित किया जा रहे हैं। इसके साथ ही ऑल यूथ मैनेज मतदान केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे जहां मतदान केंद्र के सभी मतदान कर्मी 18 से 25 आयु वर्ग के रहेंगे।

# भीमवार्ड में हंगामा कर बदमाशों ने 8 से 10 घरों में की तोड़फोड़





**बीना, देशबन्धु।** भीम वार्ड में अज्ञात लोगों ने करीब 8 से 10 लोगों के घरों के दरवाजों में तोड़फोड़ कर दी। इसी के साथ घर के बाहर लगे बिजली के मीटर और एक बाइक में भी तोड़फोड़ कर दी। घटना में एक युवक भी घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस का अमला और विधायक भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद लोग दहशत में हैं। प्रत्यक्षदर्शी ज्ञानबाई आदिवासी ने बताया कि बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने घर में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान उनके बेटे राजाबाबू आदिवासी के साथ अज्ञात लोगों ने जमकर मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद लोगों में बहुत दहशत बनी हुई है। पीड़ित लक्ष्मीबाई आदिवासी ने बताया कि हम लोगों को नहीं पता कौन थे। अज्ञात लोगों ने हम लोगों के दरवाजे में लट्ट मारे, गेंती मारी और फावड़े मारे, तलवारें मारी जिससे दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली मीटर में भी तोड़फोड़ कर दी। बंदूक भी लिए थे और फायर भी किया और गाली गलौच कर रहे थे। भीम वार्ड में हुई घटना के बाद छोटी बजरिया चौकी प्रभारी रामदीन सिंह, बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर, एसडीओपी प्रशांत सुमन सहित पुलिस का बड़ी संख्या में अमला पहुंच गया। घटना की जानकारी के बाद विधायक महेश राय भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ितो से पूछताछ की गई और विधायक ने लोगों से चर्चा भी की। पुलिस ने भी लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि भीम वार्ड में कुछ लोगों ने डंडे और लाठियों से लेंस होकर कुछ लोगों के घरों के दरवाजों में मारकर उनको क्षतिग्रस्त कर दिया है। बिजली के मीटर को भी तोड़ा गया है। इसके अलावा एक बाइक को भी क्षतिग्रस्त किया है। घटना के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–264 । सागर, मंगलवार, 14 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

## सार-समाचार

### प्रियंका गांधी आज रायपुर में करेंगी रोड शो



**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी कल 14 नवम्बर को राजधानी रायपुर में रोड शो करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी शाम को 4.45 बजे रायपुर पहुंचेगी तथा रायपुर मे रोड शो करेंगी। श्रीमती गांधी राजीव गांधी चौक मे स्व.राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के अपना रोड शो शुरू करेंगी। विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी कोतवाली चौक, सत्ती बाजार, ब्राह्मण पारा,शीतला माता चौक, आरडी तिवारी स्कूल आमापारा चौक, अग्रसेन चौक से तेल घानी चौक तक जाएगी।

### महुआ को पार्टी संगठन में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने सोमवार को हाल ही में कैश–फॉर–क्वेरी विवाद को लेकर चर्चित रहीं लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कृष्णानगर संगठनात्मक जिले का पार्टी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

मोइत्रा नादिया जिले के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि मोइत्रा को कृष्णानगर संगठनात्मक जिले का अध्यक्ष बनाकर उन अटकलों को खत्म करने का प्रयास किया गया है कि पार्टी नेतृत्व उनसे दूरी बना रहा है।

### मांझी आज नीतीश के खिलाफ मौन धरने पर बैठेंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भाजपा का साथ मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मंगलवार को नीतीश के खिलाफ मौन धरने पर बैठने की घोषणा कर दी। मांझी ने कहा कि उनके साथ जो हुआ उससे दलित समाज शर्मसार है। दलितों के साथ–साथ महिलाओं को भी नीतीश कुमार ने छोड़ा नहीं है।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता मांझी ने आगे कहा कि इसी मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने भाषणों में उठाया है। हम प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि आप हमेशा से ही हमारे साथ खड़े रहे हैं। जब नीतीश कुमार ने हमारे जैसे आदमी को प्रताड़ित करने का काम किया तो आपने इस मुद्दे पर हमारा साथ दिया।

### त्रिपुरा पुलिस ने पकड़े 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिक

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा पुलिस ने दक्षिण त्रिपुरा में सबरूम के बैष्णबपुर गांव से 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले त्रिपुरा के पांच सीमावर्ती जिलों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अभियान चलाया था और मानव तस्करी रैकेट और सीमा पार अपराधों में शामिल होने के मामले में 25 लोगों की गिरफ्तारी की थी। एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

### मणिपुरी फिल्म जोसेफ सन अल्टरनेटिवा पुरस्कार के लिए नामांकित

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुरी भाषा में हाओबम पबन कुमार की तीसरी कथात्मक फिल्म जोसेफ सन, कजाकिस्तान में अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार 2023 के लिए 14 फिल्मों में नामांकित होने के बाद फिर से सुर्खियों में है।

विजेताओं की घोषणा आगामी 02 दिसंबर को कजाकिस्तान के अल्माटी में पुरस्कार समारोह में की जाएगी। अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार कजाकिस्तान में वैश्विक तकनीकी कंपनी ड्राइव द्वारा संचालित अल्टरनेटिवा फिल्म प्रोजेक्ट का एक अभिन्न अंग हैं।

### उप्र में आवारा सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत

**बलिया, एजेंसी।** उप्र के बलिया जिले में एक सांड के हमले में 87 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिकंदरपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी दिनेश पाठक ने कहा कि बस्ती बुजुर्ग गांव के निवासी राज कुमार गुप्ता दिवाली के अवसर पर दीपक जला रहे थे, तभी आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## चुनावी समर में भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

### बड़वानी की सभा में मोदी ने किया कटाक्ष

# कांग्रेस 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है



**बड़वानी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि राज्य में पार्टी जनता के लिए 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है और उसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा।

श्री मोदी राज्य के बड़वानी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर हमले बोले। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले कहेंगे कि पहले आलू से सोना निकालेंगे, तब महल बनाएंगे। सत्ता मिलते ही ये सब कुछ भूल कर लूट का कारोबार शुरु कर देंगे।

#### विकास की राह पर ले जाएगा संकल्प पत्र

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग को विकास की राह पर ले जाएगा। पार्टी का हर वादा पूरा होगा। ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है।

उन्होंने राज्य के इस आदिवासी अंचल में कहा कि दो दिन बाद बिरसा मुंडा का जन्मदिन है। वो जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिस आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया, परवाह नहीं की उस आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने का और उसे सामाजिक न्याय दिलाने का काम भाजपा ने किया है।

#### कांग्रेस सरकार में अपराध चरम पर होते हैं

उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस आती है, अपराध चरम पर होते हैं। दंगे फसाद और बहनों बेटियों के साथ अत्याचार आम हो जाता है। अपने तीज–त्यौहार मनाना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत में सर तन से जुदा जैसे नारे सुनाई देंगे, लेकिन वीर धरा राजस्थान में ये हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी श्री राम के जमाने में भी थे, पर कांग्रेस को शायद ये पता ही नहीं था। आजादी के बाद देश में आदिवासी समाज के लिए अलग मंत्रालय, बजट कुछ भी नहीं था। ये सब कुछ स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के समय में हुआ। इसी क्रम में उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया।

### टिमरनी और जावद की सभाओं में राहुल गांधी ने लगाया आरोप

# भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है मध्य प्रदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बन गया है। भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी।

हरदा जिले के टिमरनी और नीमच के जावद की सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है। भाजपा के नेताओं के बीच में रेस चल रही है कि कौन किसानों और मजदूरों से सबसे ज्यादा पैसा लूटेगा। मैंने हजारों लोगों के साथ भारत जोड़ो यात्रा की, इस दौरान लाखों लोगों से मुलाकात हुई, जिसमें किसान, युवा, महिला और छोटे व्यापारियों से मुलाकात की और बातचीत हुई। युवाओं में ऊर्जा है, एक सपना है, लेकिन आज भाजपा की सरकार करोड़ों युवाओं को रोजगार ही नहीं दे पा रही है। राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तभी से छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ने का काम जारी है। रोजगार देने में छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा आगे रहते थे। लेकिन, आज इन व्यापारियों की स्थिति नरेंद्र मोदी सरकार ने खराब की है जिसका कारण नोटबंदी और जीएसटी है।भाजपा की सरकार गरीबों से पैसा लेती है और बैंकों का पूरा पैसा अपने उद्योगपति मित्रों को देती है। उन्होंने वादा किया कि राज्य में सरकार आने पर युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से काम करने वाले हैं। हम देश में सरकार आने पर पूरे देश में जातिगत जनगणना करायेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जहां पर मरे हुए लोगों का इलाज होता है। यहां का सबसे बड़ा घोटाला व्यापमं घोटाला है, जिसमें शिवराज सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाने का काम किया।

#### तोमर के बेटे पर कार्रवाई क्यों नहीं

राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के करोड़ों रुपये के लेन–देन के कथित तौर पर सामने आए वीडियो को लेकर सवाल किया है कि क्या नरेंद्र तोमर के घर ईडी, सीबीआई या आयकर की टीम पहुंचेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार किसानों को दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करेगी। हम चाहते हैं कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। हमारी सरकार मेड इन चीन को मेड इन मध्य प्रदेश बनाने की इच्छा रखती है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर के लड़के देवेंद्र तोमर का करोड़ों रुपए का लेन–देन का वीडियो सामने आया है, लेकिन क्या उनके यहां नरेंद्र मोदी की इनकम टैक्स, ईडी या सीबीआई पहुंची?

### कार की मरम्मत के दौरान शेड में लगी आग

# भीषण अग्निकांड में 9 लोगों की मौत



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में हैदराबाद शहर के बाजारघाट, नामपल्ली इलाके में सोमवार सुबह कार की मरम्मत के दौरान कार शेड में लगी भीषण आग में दम घुटने से दो महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। आग की लपटें तेजी से दूसरे कमरे में फैल गईं, जहां रसायन और डीजल के ड्रम रखे हुए थे और आग ने तहखाने सहित पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में ले लिया। आग में तहखाने और अपार्टमेंट के सामने खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने कड़ा मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

अग्निशमन कर्मियों ने सीढ़ी की सहायता से अपार्टमेंट के निवासियों को खिड़कियों के माध्यम से बाहर निकाला गया। केमिकल से फैले धुएं से अपार्टमेंट के आसपास के इलाके प्रभावित हुए। बीमार और बेहोश हुए लोगों को इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान मोहम्मद आजम (58), रेहाना सुल्ताना (50), फैजा समीन (26), थहुरा फरीन (35), तूबा (6), तारूबा (13), मोहम्मद जकीर हुसैन (66) , हसीब–उर–रहमान (32) और निकथ सुल्ताना (55) के रूप में की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने इस घटना पर गहरा दुख और निराशा व्यक्त की। पुलिस के मुताबिक, आग चार मंजिला अपार्टमेंट के भूतल पर स्थित कार शेड में लगी।

### तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत

**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के सारण जिले के करमचट थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई। पांचों बच्चे एक ही परिवार के बताए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना धवपोखर गांव की बताई जा रही है। गांव में एक परिवार के लोग धान काटने गए थे। सभी का खाना लेकर बच्चे खेत में गए और लौटने के क्रम में एक तालाब में नहाने लगे। बताया जाता है कि सभी बच्चे तलाब में स्नान के दौरान गहरे पानी में उतर गए और पांच की मौत हो गई।

### शाह ने राघौगढ़ में किया रोड शो, कांग्रेस नेताओं पर साधा निशााना, बोले-

# अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं कांग्रेस नेता



**राघौगढ़/गुना, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज राघौगढ़ में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ये तीनों नेता अपने अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं, उन्होंने सवाल किया कि ये जनता की भलाई के लिए कुछ कर पाएंगे।

गृहमंत्री अमित शाह आज राघौगढ़ में भाजपा प्रत्याशी हीरेंद्र सिंह (बंटी बना) के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार वापस आ गई, तो किसानों को 12 हजार रुपए की सम्मान निधि मिलेगी। स्वास्थ्य बीमा की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को पहले बीमारू राज्य के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब पिछले 18 साल के शासन में भाजपा की सरकार ने इसे विकसित राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। कमलनाथ ने 15 माह के शासन में सिर्फ घोटाले ही घोटाले किए। श्री शाह ने आरोप लगाया कि तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने 51 योजनाओं को बंद कर दिया था। यदि कांग्रेस की सरकार फिर प्रदेश में आ गई तो कई योजनाओं पर ताला लगा देगी। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो प्रदेश की जनता को राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने जो भी सांस्कृतिक विरासत को लेकर काम किया कांग्रेस ने हमेशा उसका विरोध किया।

#### चांचौड़ा में केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रियंका पेंची के लिए मांगे वोट

**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुना पहुंचे। यहां चांचौड़ा में उन्होंने आमसभा जो संबोधित किया। उन्होंने दिग्विजय सिंह के शासनकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके समय में सडक़ इतनी खराब थी कि चलना मुश्किल होता था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह देरी से कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने भाषण शुरू कर दिया। उन्होंने चांचौड़ा विधानसभा प्रत्याशी प्रियंका पेंची को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट 2 काम करेगा। पहला तो मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। वहीं दूसरा काम 2024 मे नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का होगा।

उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब चंद्रमा पर पहुंचा तो उस पॉइंट को मोदीजी ने शिवशक्ति नाम दिया। भारत का गौरव बढ़ाया। कांग्रेस को मध्यप्रदेश में सरकार बनाने दे सकते हैं क्या? आप मेरे 2 काम करोगे, चांचौड़ा में मीणा जी को तो आप जिताओगे ही। लेकिन 2024 में मोदीजी को भी प्रधानमंत्री बनाना है। वोट का बटन इतने गुस्से से दबाना कि बटन यहां दबे और करंट इटली में लगे।

### मप्र को बेस्ट प्रदेश बना देंगे : शाह



**सिरोंज, देशबन्धु।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा के 18 साल की सरकार ने इस बेमिसाल राज्य बनाया। एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाए, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम मध्यप्रदेश को बेमिसाल प्रदेश से बढ़कर बेस्ट मध्यप्रदेश बना देंगे। वह रविवार को सिरोंज में तात्या टोपे बस स्टैंड पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उमाकांत शर्मा व कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हरि सिंह सप्रे के पक्ष में भाजपा को जिताने का आव्हान किया।

गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही, साथ ही कांग्रेस पर तंज किया कि वे 5 गारंटी दे रहे हैं, उनकी खुद की कोई गारंटी नहीं है। शाह ने कहा कि दिग्विजय सिंह के शासन में 10 साल में प्रदेश का बजट 2 लाख 23 हजार करोड़ था। मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 6 लाख 35 हजार करोड़ पार कर दिया है। उन्होंने इसी तरह कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे और योजनाओं पर भी कटाक्ष किया। शिक्षा में मध्यप्रदेश सरकार नेक जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे गरीब लोगों को हमेशा फायदा हुआ है और यदि भाजपा की सरकार केंद्र व राज्य में आती है तो सभी योजनाओं का फंड बढ़ा दिए जाएंगे। जहां किसानों को मिलने वाली 6 हजार की राशि 12 हजार तक पहुंचा दी जाएगी, वहीं आयुष्मान कार्ड से होने वाला इलाज 5 लाख से 10 लाख तक कर दिया जाएगा। करीब 27 मिनट 40 सेकंड के भाषण के बाद शाह सीधे अगली सभा के लिए चाचौड़ा रवाना हो गए। शाह की सभा से पहले कांग्रेस से आए कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली और भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को अपना समर्थन दिया। जिसमें सपाक्स पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश जैन, कांग्रेस के जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच रहे पगरानी के नंदराम शर्मा उर्फ नंदू, राधेश्याम यादव अवध राज सिंह, पप्पू सेन,बाबूलाल यादव आदि कई लोगों ने भाजपा को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

### मणिपुर हिंसा के बीच गृह मंत्रालय की कार्रवाई

# 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मणिपुर में हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। मंत्रालय ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर नौ मैतेई चरमपंथी संगठन और उनके सहयोगी संगठनों पर बैन लगा दिया।

गृह मंत्रालय के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट, यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी, इसकी सशस्त्र शाखा (जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है), कांगलेई याओल कनबा लुप, कोआर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके) भी शामिल हैं। पीएलए, यूएनएलफ, पीआरईपीएके, केसीपी, केवाईकेएल को कई साल पहले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) के तहत गृह मंत्रालय ने बैन लगा दिया है। अन्य संगठनों के गैरकानूनी घोषित होने की घोषणा ताजा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार की राय है कि यदि मैतई चरमपंथी संगठनों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया तो उन्हें अपनी अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी और हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने कैडर को संगठित करने का अवसर मिलेगा।

#### हिंसा में अब तक 150 से ज्यादा की मौत

मालूम हो कि मणिपुर उस समय हिंसा की आग में जल उठा जब 3 मई को कुकी और मैतेई समुदाय के लोग आमने–सामने आ गए। जिसके चलते हुई हिंसा में अभी तक 150 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए हैं। यही नहीं हिंसा के चलते हजारों की संख्या में लोग पलायन कर दूसरे राज्यों में रहने का मजबूर हो गए। वहीं हजारों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

देशबन्धु

सागर, मंगलवार 14 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## ऐसे आचार्यों से किनारा करे कांग्रेस

ऐसे वक्त में जब कांग्रेस अपने अस्तित्व के साथ-साथ पूरे भारत में लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी व निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, तब आचार्य प्रमोद कृष्ण का वह बयान उसे नुकसान पहुंचा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'कांग्रेस ने एक लफंडर को अपना महासचिव बना रखा है।' साथ ही वे पहले भी अनेक ऐसे बयान दे चुके हैं जो पार्टी के सीधे-सीधे खिलाफ हैं। कांग्रेस अपने इसी प्रकार के सदस्यनुमा खैरख्वाहों की बदौलत भरपूर नुकसान झेल चुकी है। उसे चाहिये कि वह अपने ऐसे आचार्यों और नेताओं पर लगाम कसे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाये।

उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रमोद प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं और वे दो बार कांग्रेस की तरफ से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में संभल और 2019 में लखनऊ से। हालांकि दोनों ही बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। दरअसल हाल ही में आचार्य ने कहा था कि 'कांग्रेस के भीतर कुछ हिन्दू विरोधी भावनाओं के लोग हैं।' इस पर जब कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला से पत्रकारों ने प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि 'वे ऐसे ऊलजलूल लोगों को छोड़ें और बयानों पर न जायें।' इसी बयान से नाराज़ होकर आचार्य ने ट्वीट कर दिया कि 'कांग्रेस के भाग्य की यह विडम्बना है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना दिया गया है जिसने राज्यसभा के चुनाव में विधायक रहते हुए भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज़ के मालिक सुभाष चंद्रा को जितवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रुकवाने के लिये किया।' इसके पहले उन्होंने बयान दिया था कि 'कुछ ऐसे बड़े कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें हिन्दू शब्द से ही नफरत है।' उनका यह भी कहना था कि 'कुछ नेताओं को राम मंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है'। वे यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने यह भी कहा कि 'दुनिया जानती है कि राम मंदिर के निर्माण को रोकने के प्रयास हुए। इससे सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।'

आचार्य प्रमोद ऐसे लोगों में हैं जो अपने पार्टी विरोधी बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने संयुक्त विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से गठबंधन किये बगैर उप्र में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी चुनाव जीत ही नहीं सकते।

प्रमोद आचार्य का गुस्सा स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी भड़का है जिन्होंने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को अपनी दिवाली की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि 'दुनिया में सभी रंग-रूप, नस्ल वालों के बच्चे दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, एक पीठ व एक पेट के साथ पैदा होते हैं। चार हाथ, आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा ही नहीं हुआ तो यह चार हाथों वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है?' उन्होंने यह भी कहा कि 'अगर आपको लक्ष्मी की ही पूजा करनी है तो अपनी पत्नी की पूजा करें जो आपको व आपके परिवार को खाना खिलाती है, देखरेख करती है।' इस पर अनेक हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई लेकिन आचार्य प्रमोद कुछ ज्यादा ही नाराज़ हो गये। उन्होंने यहां तक कह डाला कि मैं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहूंगा कि उनके बोलने पर पाबंदी लगाई जाए।

इतने समय से कांग्रेस में रहने और कई राजनैतिक उतार-चढ़ाव देखने वाले आचार्य प्रमोद को अगर यह बात नहीं समझ में आती कि ऐसे विवादों से अंततः फायदा कांग्रेस के विरोधियों, वह भी मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी को ही होता है, तो उन्हें वहां रहने और पार्टी द्वारा उन्हें अपने साथ जोड़कर रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस कई ऐसे अपनों को झेल चुकी है और उसे इसका बहुत खामियाजा उठाना पड़ा है। वे चाहें मणिशंकर अय्यर हों या सलमान खुर्शीद या फिर कपिल सिब्बल अथवा गुलाम नबी आजाद- अलग-अलग अवसरों पर ऐसे ही बयान देकर पार्टी को नुकसान उठाते रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जो अब कांग्रेस में नहीं हैं लेकिन उनके पार्टी छोड़ने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। सच तो यह है कि ऐसे लोग पार्टी में रहकर ही उसे नुकसान पहुंचाते हैं।

पार्टी को चाहिये कि ऐसे कथित नेतानुमा आचार्यों पर न केवल अंकुश लगाए वरन ज़रूरत पड़ने पर उन्हें निकाल बाहर करें। यह वही पिच है जिस पर भाजपा चाहती है कि उसके सारे विरोधी दल आकर खेलें। व्यक्तिगत रंजिशों व वाद-विवादों से प्रारम्भ होने वाले ऐसे ही प्रकरण धीरे-धीरे बड़ा रूप धरते हैं। कांग्रेस विरोधी पार्टियां इन्हीं सारे बयानों का संदर्भ देकर पार्टी को घेरती है और जनता के सामने उसका कद व महत्व गिराती जाती है। इसके लिये किसी और को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इन अंदरूनी विवादों का हवाला देकर भाजपा तंज कस सकती है कि पहले ये (कांग्रेसी) आपस में मोहब्बत कर लें फिर देशवासियों के बीच नफरत को खत्म करें। अपने एक महासचिव पर इस तरह की टिप्पणी करना किसी भी जिम्मेदार नेता को शोभा नहीं देता। इसके बाद कांग्रेस द्वारा अन्य दलों के नेताओं की ऐसी टिप्पणियों पर उंगली उठाने का हक नहीं रह जाता। आचार्य प्रमोद जैसे लोग ही कांग्रेस की लड़ाई को कमजोर बनाते हैं।

# कोई हो ज्यादा चतुरता एक दिन उल्टी पड़ती ही है

कहते हैं ज्यादा चतुराई उल्टी पड़ जाती है! अंग्रेजी में ओवर स्मार्टनेस नेगेटिव टर्म में यूज होता है। राजनीति में तो हमेशा ओवर स्मार्टनेस के नुकसान सामने आते हैं।

मौसम चुनावों का चल रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव हो गए। यहां के पहले मुख्यमंत्री थे अजीत जोगी। स्मार्ट आईएएस। मगर मुख्यमंत्री बनने के बाद ओवर स्मार्ट हो गए। ओवर स्मार्ट का मतलब मैं कुछ भी कर सकता हूं और तीन साल में इतने विवाद पैदा कर लिए कि 2003 में हुए चुनाव में कांग्रेस ऐसी हारी कि फिर 15 साल तक वापस नहीं आ सकी। उसके बाद जब पार्टी छोड़ी तभी 2018 में कांग्रेस की वापसी हुई, कहते हैं कि वे अंदर ही अंदर भाजपा को सपोर्ट करते थे। जो भी हो मगर अब उनके बेटे अमित जोगी भाजपा को खुली मदद करने के लिए सामने आ गए हैं। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से चुनाव मैदान में हैं। उद्देश्य कांग्रेस के वोट काटना है। बघेल का मुकाबला तो भाजपा से ही है जिसने उनके भतीजे विजय बघेल को चाचा के सामने उतारा है। मगर मुख्यमंत्री के अच्छे प्रभाव के कारण मुश्किल में फंसी भाजपा की मदद के लिए अमित जोगी अंतिम क्षणों में यहां चुनाव लड़ने पहुंच गए। जोगी परिवार के तीनों सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अमित जोगी की पत्नी ऋचा और उनकी मां रेणू जोगी भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी अपनी पार्टी है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़। नाम से कांग्रेस का धोखा होता है। इसलिए इन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस के कुछ वोट काटकर भाजपा को फायदा करा सकेंगे। यह ओवर स्मार्टनेस बेटे अमित में पिता अजीत जोगी से भी ज्यादा है।


कांग्रेस जिस दूसरे चुनावी राज्य में ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है वह है मध्य प्रदेश। और यहां भी कांग्रेस के एक पूर्व नेता की ओवर स्मार्टनेस उन्हें अब भारी पड़ रही है। जनता इस तरह करती नहीं है। मगर इस बार वह पूरी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया से बदला लेने के मूड में है। उन्होंने जिस तरह कांग्रेस को कम और जनता को ज्यादा धोखा देकर भाजपा की सरकार बनाई

वह अब उन्हें और उनसे ज्यादा भाजपा को भारी पड़ रही है। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों तक को चुनाव लड़ाना पड़ रहा है। मगर उससे भी कोई राहत नहीं मिली। उल्टे बगावत ज्यादा हो गई। और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे का तो एक वीडियो वायरल हो गया जिससे वे और परेशानी में पड़ गए। वीडियो में बेटा कथित तौर पर करोड़ों रुपए के लेनदेन की बात करता दिखाई दे रहा है।

मध्य प्रदेश में कहा जा रहा है कि केन्द्र और राज्य दोनों जगह इनकी सरकार है। अगर गलत है तो जांच करवा ली होती। झूठा बनाने वाला पकड़ में आ जाता। मगर कोई जांच भी नहीं हुई। कारण किसी को पता नहीं है। लोकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि इसके पीछे पार्टी के अंदर की ही कोई राजनीतिक प्रतिद्वंदिता है। बाहर के किसी आदमी की डबल इंजन सरकार में घुसपैठ नहीं हो सकती। शक की सुइयां उन लोगों की तरफ घूम रही हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

यह जो कहानी की थीम ओवर स्मार्टनेस है उसमें यहां प्रधानमंत्री मोदी भी आ रहे हैं। उन्होंने अपने नाम पर चुनाव लड़ने का माहौल बनाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिल्कुल अलग थलग कर दिया है। मगर एक बात है शिवराज भी बहुत मजबूत दिल वाले नेता हैं। मोदी द्वारा कहीं उनका नाम तक न लेने अपमान की हद तक नजरअंदाज करने के बावजूद शिवराज चुनाव प्रचार में सबसे ज्यादा मेहनत से लगे हुए हैं। दीवाली के दिन वही एकमात्र बड़े नेता थे जो प्रचार में लगे हुए थे। उससे पहले धनतेरस को उन्होंने एक दिन में 11 मीटिंगें कीं। अब यह अलग बात है कि इस समय कोई उन्हें क्रेडिट देने को तैयार नहीं है। मोदी की बेरूखी देखने के बाद राज्य में कई नेता मुख्यमंत्री पद के लिए सज गए हैं। कहते हैं उसी में से किसी ने सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहे तोमर का यह वीडियो बनवाया है।

खैर वह जो भी हो छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां और छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक-दो दिन बाद मतदान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के दूसरे और अंतिम चरण का होना है और मध्य प्रदेश में एक ही चरण में। 17 नबंबर को। भाजपा या कांग्रेस सीधा मुकाबला है। कांग्रेस की एज ( बढ़त) के साथ। दोनों जगह कांग्रेस की एज में उसके दो ऐसे नेता का हाथ है जो अपनी ओवरस्मार्टनेस की वजह से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की सोचकर उसका फायदा कर गए। पार्टी छोड़कर। और सिंधिया भाजपा में जाकर उसकी मदद करने के बदले उस पर बोझ बन गए और उधर छत्तीसगढ़ में जोगी के कांग्रेस छोड़ते ही कांग्रेस का ग्रहण उतर गया।



शकील अख्तर

> राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते। बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है।

मध्य प्रदेश में ग्वालियर-चंबल संभाग जिसे कभी सिंधिया परिवार का गढ़ कहा जाता था और केवल कहा ही नहीं जाता था हमने खुद देखा है कि वे अपने ड्राइवर को भी चुनाव लड़वा देते थे तो जीत जाता था। मगर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस और जनता को दिए धोखे के बाद जिसे वहां ज्यादा कठोर शब्दों में गद्दारी कहा जा रहा है उनके प्रत्याशियों का जीतना मुश्किल हो रहा है। ग्वालियर चंबल संभाग में 34 सीटें हैं। जहां ज्योतिरादित्य की गद्दारी बहुत बड़ा इशु बना हुआ है। यहीं से केन्द्रीय मंत्री तोमर को भी लड़ाया गया है। मगर एक तो सिंधिया के विश्वासघात या जो इसे यहां की जनता कह रही है गद्दारी से उनकी सीट भी मुश्किल में पड़ गई है। और फिर अभी जब यह लिख रहे हैं तो उनके बेटे का एक और बहुत साफ वीडियो सामने आ गया है। इसमें 500 करोड़ की बात हो रही है।

यह वीडियो मोदी के परिवारवाद इशु और भ्रष्टाचार दोनों की हवा निकाल देगा। परिवारवाद का यह विकृत रूप है कि पिता केन्द्र में मंत्री हो और बेटा वीडियो में 500 करोड़ की बात करता देखा जा रहा हो।

खैर जैसा राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते।

बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है कि वह सत्य की तरफ ले जाते हैं। ओवर स्मार्टनेस का शिखर पर उदाहरण तो केवल एक ही हैं। हमारे प्रधानमंत्री। जिनके लिए राहुल ने सबसे सटीक बात कही थी कि अगर वे भगवान के साथ बैठ जाएं तो उन्हें भी बताने लगेंगे कि सृष्टि कैसे चलाना चाहिए।

इन पांच राज्यों के चुनाव में असल में उनका अस्तित्व दांव पर लगा है। अभी तक वे जो चाहे कर रहे थे। मीडिया अंधभक्त बना उनका समर्थन कर रहा था। मगर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक चुनाव के बाद स्थितियां बदल रही हैं। अब उनका नाले के गैस से चाय बनाना, रडार न पकड़े इसलिए बादलों में से लड़ाकू जहाज निकलवाना, सौ साल तक कांग्रेस नहीं आएगी, मध्य प्रदेश के मन में मोदी है जैसी बातें सुनकर अब लोग चुप नहीं रहते हैं मजाक बनाने लगे हैं।

मोदीजी तो ओवरस्मार्टनेस से आगे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति तक पहुंच गए हैं। उन्हें अवतार घोषित किया जाने लगा है। लेकिन अब इसका उतार भी शुरु हो गया है। पांच राज्यों के चुनाव बहुत दिलचस्प मोड़ पर हैं। देखना है कि इसमें ओवर स्मार्टनेस वाले नेता चलेंगे या शुद्ध धरातल पर खड़े नेता। कुछ भी कह कर निकल जाने वाले या जनता के रोजगार, महंगाई, मुफ्त शिक्षा इलाज पर बात करने वाले।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# अतीत के गौरव के प्रशंसक पर अंधभक्ति के विरोधी थे नेहरू

पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में कुछ लोगों की यह धारणा है कि वे भले ही पैदा भारत में हुए हों, चिंतन और रहन-सहन से वे पूरी तरह यूरोपीय थे। नेहरूजी के बारे में इस तरह की गलत धारणा फैलाने में दक्षिणपंथी विचारों में विश्वास करने वाले संगठनों एवं समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दकियानूसी और हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस तरह के भ्रम को विस्तार देने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। यह बात पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि इस तरह का भ्रम अज्ञानता अथवा प्रायोजित प्रयासों पर आधारित है। ऐसे तत्व यदि नेहरू जी के विचारों का, उनकी पुस्तकों का, अध्ययन करते तो उनका यह भ्रम दूर हो सकता है।

नेहरू जी ने अनेक किताबें लिखी हैं, जिनके पीछे उनका विराट और गहन अध्ययन था। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्हें लंबे समय तक अंग्रेजों की जेलों में रहना पड़ा था। लंबी सजाओं के दौरान उन्होंने खूब पढ़ा और खूब लिखा। भारत की आत्मा को खोजने और उसे पहचानने और आत्मसात करने का गंभीर प्रयास पंडित नेहरू ने किया था। वे भारत के अतीत से, उसकी ऐतिहासिकता से बेहद प्रभावित थे। विस्तृत इतिहास की समुद्र जैसी गहराइयों में उन्होंने कितनी ही बार गोते लगाये। भारत की आत्मा को पहचानने के प्रयासों में उन्होंने वेद, उपनिषद, पुराण, गीता जैसे ग्रंथों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों का विश्लेषण-परक अध्ययन किया। साथ ही उन्होंने इन ग्रन्थों पर भारतीय और विदेशी विद्वानों की टिप्पणियां भी पढ़ीं और उन्हें आत्मसात भी किया।

अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिंदुस्तान की कहानी' में वे एक जगह लिखते है: 'पिछली बातों के लिये अंधी-भक्ति बुरी होती है, साथ ही उनके लिए नफ़रत भी उतनी ही बुरी है। इसकी वजह यह है कि इन दोनों में से किसी पर भविष्य की बुनियाद नहीं रखी जा सकती। वर्तमान का और भविष्य का लाजिमी तौर से भूतकाल से जन्म होता है और उन पर उसकी गहरी छाप होती है। इसको भूल जाने के मायने हैं इमारत को बिना बुनियाद के खड़ा करना और कौमी तरक्क़ी की जड़ को ही काट देना। राष्ट्रीयता असल में पिछली तरक्क़ी, परम्परा और अनुभवों की एक समाज के लिए सामूहिक याद है।'



एल. एस. हरदेनिया

> नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था।

नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था। उनमें बहुत सी चीजें मिली-जुली हैं। स्तुतियां हैं और बड़ी ऊंची प्रकृति संबंधी कविताएं हैं। उनमें मूर्तिपूजा नहीं है। देवताओं के मंदिरों की चर्चाएं नहीं हैं जो जीवनी-शक्ति और जिंदगी के लिये इकरार उनमें समाया हुआ है वह ग़ैरमामूली है। शुरू के वैदिक आर्य लोगों में जिंदगी के लिये उमंग थी, वे आत्मा के सवाल पर ज़्यादा ध्यान नहीं देते थे।'

महाभारत के बारे में नेहरू जी लिखते हैं-'महाकाव्य की हैसियत से रामायण एक बहुत बड़ा ग्रंथ जरूर है और उससे लोगों को बहुत चाव है लेकिन यह महाभारत है जो दरअसल दुनिया की सबसे खास पुस्तकों में से एक है। यह एक विराट कृति है। परंपराओं और कथाओं का और हिंदुस्तान की राजनैतिक और सामाजिक संस्थाओं का यह एक विश्व-कोष है। महाभारत में हिंदुस्तान की बुनियादी एकता पर जोर देने की बहुत निश्चित कोशिश की गई है। महाभारत एक ऐसा बेशकीमती भंडार है कि हमें उसमें बहुत तरह की अनमोल चीजें मिल सकती हैं। यह रंगबिरंगी घनी और गुदगुदाती जिंदगी से भरपूर है। इस मामले में यह हिंदुस्तानी विचारधारा के दूसरे पहलुओं से हटकर है जिसमें तपस्या और जिंदगी से इंकार पर जोर दिया गया है। महाभारत की शिक्षा का सार यदि एक जुमले में कहा जाए तो यह है-दूसरे के लिये तू ऐसी बात न कर जो खुद तुझे अपने लिए पसंद न हो।'

भगवद् गीता के बारे में नेहरू एक प्रसिद्ध विदेशी विद्वान विलियमबाण्डहॅबोल्ट के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'यह सबसे सुंदर और अकेला दार्शनिक काव्य है जो किसी भी जानी हुई भाषा में नहीं मिलता है। बौद्धकाल से पहले जब इसकी रचना हुई तब से लेकर आज तक इसकी लोकप्रियता और प्रभाव नहीं घटा है और आज भी इसके लिये पहले जैसा आकर्षण बना हुआ है। इसके विचारों और फलसफे को हरेक संप्रदाय श्रद्धा से देखता है और अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या करता है। संकट के समय जब आदमी का दिमाग संदेह से सताया हुआ होता है और अपने फर्ज़ के बारे में दुविधा उसे दो तरफ़ खींचती है, वह रोशनी और रहनुमायी के लिये गीता की तरफ़ और भी झुकता है क्योंकि यह संकट-काल के लिये लिखी हुई कविता है। चूंकि आज के हिंदुस्तान में मायूसी छाई हुई है और उसके चुपचाप रहने की भी एक हद हो गई है इसलिये फल की आशा किये बिना काम में लगे रहने का संदेश इस समय अत्यधिक प्रासंगिक लगता है। दरअसल गीता का संदेश किसी संप्रदाय या जाति के लिये नहीं है। क्या ब्राह्मण, क्या निम्न जाति, सभी के लिये है। गीता में कहा गया है कि सभी रास्ते मुझ तक आते हैं।'

इसी तरह उपनिषदों के संबंध में नेहरू लिखते है: ''ये छानबीन की, मानसिक साहस की और सत्य की खोज के उत्साह की भावना से भरपूर हैं। यह सही है कि यह सत्य की खोज मौजूदा जमाने के विज्ञान के प्रयोग के तरीकों से नहीं हुई है फिर भी जो तरीक़ा अख्तियार किया गया है उसमें वैज्ञानिक तरीक़े का एक अंश है। हठवाद को दूर कर दिया गया है। उनमें बहुत कुछ ऐसा है जो साधारण है और जिसका आजकल हम लोगों के लिए कोई अर्थ या प्रसंग नहीं है। खास जोर आत्मबोध या आत्मा-परमात्मा के ज्ञान पर दिया गया है। इन दोनों का मूल एक ही बताया गया है। उपनिषदों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें सच्चाई पर बड़ा जोर दिया गया है। सच्चाई की सदा जीत होती है, झूठ की नहीं। सच्चाई के रास्ते से ही हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं। उपनिषदों की यह प्रार्थना मशहूर है 'असत्य से मुझे सत्य की ओर ले चल, अंधकार की ओर से प्रकाश की ओर मुझे ले चल, मृत्यु से मुझे अमरत्व की ओर ले चल।' उपनिषदों में एक सवाल का बहुत अनोखा लेकिन मार्के का जवाब दिया गया है। सवाल यह है कि यह विश्व क्या है? यह कहां से उत्पन्न होता है? और कहां जाता है? इसका उत्तर है-स्वतंत्रता से इसका जन्म होता है। स्वतंत्रता पर ही यह टिका है और स्वतंत्रता में ही वह लय हो जाता है। सारे संसार में ऐसी कोई रचना नहीं है जिसका पढ़ना इतना उपयोगी, इतना ऊंचा उठाने वाला हो जितना उपनिषदों का है। वे सबसे ऊंचे ज्ञान की उपज हैं।' प्रसिद्ध पश्चिमी दार्शनिक सोपेनआवर के विचारों को उधृत करते हुए नेहरू कहते हैं- 'उपनिषदों के हर एक शब्द से गहरे मौलिक और ऊंचे विचार उठते हैं और इन सब पर एक ऊंची पवित्र उत्सुक भावना छाई हुई है। उपनिषदों को पढ़ने से मेरी जिंदगी को शांति मिलती है। यही मेरे मौत के समय भी शांति देंगे।'

रामायण के संबंध में नेहरू जी प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार मिशले के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'जिस किसी ने भी बड़े काम किये हैं या बड़ी आकांक्षाएं की हैं, उसे इस गहरे प्याले से जिंदगी और जवानी की एक लंबी घूंट पीना चाहिए। रामायण मेरे मन का महाकाव्य है। हिंद महासागर जैसा विस्तृत, मंगलमय सूर्य के प्रकाश से चमकता हुआ, जिसमें देवीय संगीत है और कोई बेसुरापन नहीं है। वहां एक गहरी शांति का राज्य है और कशमकश के बीच भी वहां बेहद मिठास और इंतहा दर्जे़ का भाई-चारा है। जो सभी ज़िंदा चीज़ों पर छाया हुआ है। रामायण मोहब्बत, दया, क्षमा का अपार और अथाह समुंदर है।'

नेहरू जी संस्कृत भाषा के बड़े प्रशंसक थे। संस्कृत के संबंध में वे लिखते हैं कि वह 'अद्भुत रूप से सम्पन्न, हरी-भरी और फूलों से लदी हुई भाषा है। फिर भी वह नियमों से बंधी हुई है और 2600 वर्ष पहले व्याकरण का जो चौखटा, पाणिनि ने इसके लिए तैयार कर दिया, वो उसी के भीतर ही चल रही है। ये खूब फैली, खूब सम्पन्न हुई। भरी-पूरी और अलंकृत बनी लेकिन अपने मूल को पकड़े रही।' संस्कृत के संबंध में नेहरू जी एक यूरोपीय विद्वान सर विलियम जोन्स के विचारों को उधृत करते हैं। जोन्स ने 1884 में कहा था संस्कृत भाषा चाहे जितनी पुरानी हो उसका गठन अद्भुत है। यूनानी भाषा के मुकाबले में ज़्यादा मुकम्मिल, लातिनी के मुकाबले में ज़्यादा सम्पन्न और दोनों के मुकाबले में यह ज़्यादा परिष्कृत है।

ये तो कुछ उदाहरण हैं जिनसे नेहरू जी की भारत के गौरवशाली इतिहास के संबंध में प्रशंसनीय विचार जानने को मिलते हैं। वैसे उनकी किताबें (विश्व इतिहास की झलक और मेरी कहानी) और उनके सैंकड़ों व्याख्यान भारत के अतीत की प्रशंसा से भरे पड़े हैं। नेहरू भारत के अतीत के प्रशंसक थे फिर भी उनकी यह मान्यता थी कि अतीत की अंध-भक्ति से भारत का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। इसलिए उनकी यह धारणा थी कि धर्मनिरपेक्ष-वैज्ञानिक समझ के आधार पर आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने के लिए भारत के अतीत के उज्ज्वल पक्ष का सहारा लेना चाहिए।

इस तरह सच पूछा जाए तो नेहरू जी ही भारत के अतीत के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तराधिकारी हैं। संभवत: इसीलिए उनके विषय में कहा जाता है कि यदि वे राजनीति में नहीं होते तो विश्व-स्तर के इतिहासकार, साहित्यकार या कवि होते। लेकिन इतिहास-संस्कृति और साहित्य के ज्ञाता के लिए मौजूदा आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक सच्चाइयों से विरत रह पाना कहां संभव होता है। नेहरू समस्त सांस्कृतिक-चेतना के साथ स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीति में थे। वे नये युग, नये निर्माण और नये भारत के स्वप्न दृष्टा थे। ऐसे स्वप्न दृष्टा जिन्होंने कई स्वप्नों को सच कर दिखाया था। अंत में नेहरू जी का स्मरण मैं शायर शमीम फरहत की 'सत्ताईस मई' (नेहरू जी की मृत्यु की तिथि) शीर्षक की इन पंक्तियों के साथ करना चाहता हूं-

आज एहसासे-ग़म ज़ियादा है,  
शम्मे-खामोश में धुआं भी नहीं  
इतना खाली-सा लग रहा है जहां,  
जैसे अब सर पे आसमां भी नहीं  
आज का दिन गुलाब पर बोझल,  
आज बच्चों की मुस्कुराहट में  
संज़ीदगी झलकती है।

## पावन प्रसंग

### तेते पांव पसारिये जेती लंबी सौर

आदर्श शिक्षा यही है कि जितनी आमदनी हो खर्च उसी के भीतर ही रहे। बड़े दीखने का अभिमान न करें। एक बार कोई.यह कह जाए कि ये लोग गरीब हैं, पुराने जमाने के हैं, वह अच्छा है;क्योंकि सौर0 रजाई से अधिक पांव फैलाना सदैव हानिकारक ही होता है। आज से कई वर्ष पहले सारे कस्बे में यह एक ही क्राकरी की दुकान थी। अच्छी आमदनी हो जाती थी, कोई सौ-डेढ़ सौ रुपए रोज तक की बचत थी। घर में मजेदारी थी। धर्मपत्नी का दिल खुला था। जितनी आमदनी- खर्च भी उतना ही। लोग घर आएं तो अफसरों जैसा स्वागत । गरज यह कि उनके संपन्न होने की खूब चर्चा थी, लोग मानते थे कि यह बहुत बड़े आदमी हैं।

रहन-सहन में भी वही बात। कपड़ों की चाहे, साज-संभाल न हो, पर अनाप-शनाप कपड़े, बनते, बच्चों के लिए घर का नाश्ता ठीक नहीं, मिठाइयां, चॉकलेट में ढेर सारे पैसे खर्च किए जाते, बिजली पंखों का खर्च अनाप-शनाप ही होता। ऐसी कोई जगह नहीं जहां से किसी को यह कहने का अवसर मिले, यह लोग छोटे आदमी हैं। समय बदलते देर नहीं लगती। दो वर्ष पीछे सामने एक और क्राकरी की दुकान हो गई। शहर में धीरे-धीरे कई दुकानें हो गईं। आमदनी सब दुकानों में बंट गई तो स्वाभाविक ही था- रतनचंद्र क्राकरी वालों की आमदनी कम हो जाती। अब दिन में कुल 60-70 रुपए ही बचते। लालाजी ने पत्नी को बहुतेरा समझाया-देखो अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही, खर्च हाथ साधकर किया करो, पर पत्नी के सिर पर बड़प्पन का ऐसा भूत सवार था कि पति से लड़ना झगड़ना स्वीकार, खर्च करने की आदत न बदली। अच्छे खाते-पीते घर के होकर भी उनके ऊपर ऋण बना ही रहता, घर में परस्पर खींचा-तानी रहती सो अलग। आमदनी घटने के साथ रहन-सहन के स्तर में थोड़ी सादगी कर ली जाती तो उसमें शान न घटती, पर परस्पर खींचा-तानी से जो उपहासास्यास्पद स्थिति बनी, यदि उसे घर की स्त्रियां समझ लेतीं तो न दुर्गति लालाजी की होती और न स्वयं उनकी स्त्री की। झगड़े- फसाद के कारण बच्चों में जो बुरे संस्कार पड़ गए सो अलग।

सदा खर्च सोच-समझ कर आमदनी को देखते हुए करने की आदत डालनी चाहिए। खर्च बढ़ने पर पुन: कम करना कठिन हो जाता है। अत: आरंभ से ही बालकों को मितव्ययता सिखानी चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### बाल-दिवस को बनायें ख़ास देकर ये अनुपम उपहार

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को हम राष्ट्रीय बाल-दिवस और 20 नवबंर को अंतरराष्ट्रीय बाल-दिवस के रूप में मनाते हैं, इस तरह से नवंबर का महीना आधिकारिक रूप से तो पूरी दुनिया के बच्चों को समर्पित है। हर वर्ष बाल-दिवस पर ऐसे अनेकों सरकारी और गैर-सरकारी आयोजन होते हैं जिनमें बच्चों के हितार्थ ढेरों योजनाओं, सुविधाओं का वादा किया जाता है. जिनमें से कुछ तो पूरे हो जाते हैं और कुछ ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। लेकिन यह एक स्व स्थापित सत्य है कि बचपन की मजबूत बुनियाद ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण करती है। किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए बचपन का सम्पूर्ण रूप से पल्लवित और प्रस्फुटित होना नितांत आवश्यक है। देश और दुनिया में बाल- दिवस के सफल आयोजन हेतु रैलियां निकलती रहेंगी, उद्घाटन होते रहेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे, मूल बात है बच्चों के कल्याण की, उनके सुरक्षित भविष्य की. इसके लिए आज यहां कुछ ऐसे ही अनमोल उपहारों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें अगर हम बच्चों को सुलभ करा सकें तो न केवल वर्तमान की, बल्कि भविष्य में आने वाली कई पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित होती रहेंगी।

**बाल-दिवस का प्रयोजन**-कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उस 'मुद्दे विशेष' के प्रति जागरूक करना, उसे सफल बनाने में आने वाली समस्याओं को पहचानना और सबके सम्मिलित प्रयासों से उनका समाधान ढूंढना. ताकि एक ऐसे मजबूत समाज का निर्माण किया जा सके जहां ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, पढ़े-लिखे या अनपढ़, शहरी या ग्रामीण, लड़का या लड़की में कोई भेदभाव न हो; सबको अपने अधिकारों के साथ-साथ, देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पूरा अहसास हो।

**उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य-बात शुरू करते हैं अच्छे स्वास्थ्य से**- बढ़ती उम्र के बच्चों को उचित वैचारिक खुराक के साथ ही भरपूर मात्रा में न्यूट्रीशस भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि एक कमज़ोर या कुपोषित शरीर कभी भी पढ़ाई-लिखाई में या अन्य किसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी नहीं कर सकता। एक मानसिक व शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बच्चा ही बड़े होकर देश एवं समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जा सकता है।

**व्यावहारिक व कौशल आधारित शिक्षा**-बढ़ते हुए बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जिसमें कोरा किताबी ज्ञान न हो जो ज़िन्दगी के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना सिखाये। शिक्षित होकर बच्चों की रचनात्मकता को नए आयाम मिलें. वे संगीत, नृत्य, खेल, चित्रकला या अपनी अभिरुचि के किसी भी अन्य क्षेत्र या विषय में पारंगत होकर अपनी आजीविका चुन सकें और अपने कौशल से देश और समाज में कुछ योगदान कर सकें तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी।

**अनुशासित जीवन शैली का चुनाव**-महान अर्थशास्त्री चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के उत्तम चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास बचपन में ही किये जाने चाहिए और इसके लिए उन्हें उचित शिक्षा व अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। भागदौड़ भरी जीवन शैली थकान, तनाव और व्यग्रता को बढ़ावा देती है जो अनेकानेक बीमारियों को सीधा-सीधा निमंत्रण है।

**बचपन को बनाये रखना**-बचपन! विश्व का शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो उसकी मधुर, अविस्मरणीय स्मृतियों से अछूता हो। जो निश्छल, नि:स्वार्थ, सहजता, चंचलता, मासूमियत उम्र के इस दौर की पहचान होती है वह उम्र बढ़ने के साथ-साथ गायब होती जाती है और जीवन की आपा-धापी में हम दिन-प्रतिदिन उलझते चले जाते हैं। अपने मूलभूत अधिकारों की चर्चा तो हम सभी करते हैं लेकिन अपने इन मूलभूत गुणों को विस्मृत करते चले जाते हैं और इसका हमें रत्ती भर भी एहसास नहीं होता है अत: हम बड़ों में भी बचपना बना रहे उसके प्रयास किये जाने चाहिए और अभ्यास से ही सही, इन गुणों का पोषण किया जाना चाहिए।

बच्चों के कल्याणार्थ एकजुट हो लें संकल्प आइये, हम और आप ये संकल्प लें कि न केवल वर्तमान के, बल्कि भविष्य के जन्म लेने वाले बच्चे भी इस पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें इस हेतु हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करेंगे, नियमित वृक्षारोपण करेंगे, हर प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित रखने की कोशिश करेंगे, खेतों में अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचेंगे और अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि ये धरती, आने वाली कई सदियों तक हमारे बच्चों के साथ यूं ही हंसती खिलखिलाती आबाद रहे। बाल-दिवस पर बच्चों को, एक सभ्य, शिक्षित एवं जागरूक समाज की ओर से इससे अनुपम सौगात और कुछ नहीं हो सकती।

**प्राची तिवारी 'छबि'**

## एक दर्जन गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

# तोप घाटी में पलटी मौनिया से भरी बस, 2 दर्जन से अधिक घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तोप घाटी में सोमवार को मौनिया से भरी बस पलट जाने के कारण दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया है कि घटना के वक्त बस में लगभग 70 यात्री सवार थे, जिनमें से करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई के वार्ड नंबर 6 और 7 के रहने वाले लोगों का मौनिया दल मौन व्रत धारण कर यात्री बस से करीला धाम जा रहे थे। बस में मौनिया दल के अलावा इन्हीं वार्डों के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी सवार थीं। किशनगढ़ थाना क्षेत्र की तोप घाटी पर तेज रफ्तार के चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद सटई के कांग्रेसी नेता राजेश शर्मा को फोन पर सूचना दी गई जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस बुलाई। मामूली रूप से घायल हुए यात्रियों को बिजावर और सटई के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल हुए एक दर्जन लोगों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डायल-100 भी मौके पर पहुंच गई थी।

## पटाखा ब्लास्ट होने से दो बच्चे घायल, एक की हालत गंभीर

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुपिया में दो मासूम बच्चे पटाखा ब्लास्ट होने के कारण बुरी तरह जख्मी हुए हैं। दोनों बच्चों के परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुपिया निवासी कैलाश आदिवासी का पुत्र 10 वर्षीय पुत्र मनी अपने चचेरे भाई जीतेन्द्र के साथ घर के बाहर पटाखे चला रहा था। इसी दौरान मनी को एक बड़ा पटाखा मिल गया जिसे चलाते समय वह मनी के हाथ में ही फट गया। इस घटना में मनी का हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जबकि जीतेन्द्र को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों बच्चों को परिजन सटई अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस न मिलने के कारण परिजन दोनों बच्चों को बाईक से ही जिला अस्पताल लाए जहां इलाज जारी है। मनी आदिवासी की हालत गंभीर बताई जा रही है।





## *तेज रफ्तार बस ने भैंसों को कुचला, तीन की मौत*

***छतरपुर, देशबन्धु।*** *बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंज के समीप फोरलेन पर बीती रात एक तेज रफ्तार बस के चालक ने एक किसान की भैंसों को कुचल दिया, जिसके चलते तीन भैंसों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।*

*गंज निवासी चंद्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि वह रात करीब 8 बजे अपनी 5 नग भैंसों को लेकर घर जा रहा था तभी सामने से आ रही नफीस कंपनी की तेज रफ्तार बस के चालक ने भैसों को कुचल दिया। इस घटना में चंद्रप्रकाश की 3 भैसों की दर्दनाक मौत हो गई। चंद्रप्रकाश के मुताबिक घटना के बाद बस के चालक ने उसके साथ बदसलूकी भी की। चंद्रप्रकाश का कहना है कि घटना के वक्त बस का चालक शराब के नशे में था। चंद्रप्रकाश ने बमीठा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।*

## किसान के घर में लगी आग, अनाज, मूंगफली सहित 1.50 लाख का सामान जलकर खाक



**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव थानांतर्गत चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक किसान परिवार ने सोमवार की सुबह थाना आकर घर में आग लगने एवं आग से अनाज, मूंगफली सहित 1.50 लाख का सामान जलकर खाक होने की शिकायत दर्ज कराई है।

लुगासी के पीड़ित किसान किशन यादव ने बताया कि रविवार की रात वह दीपावली का पर्व मनाकर अपने खेत की रखवाली के लिए चला गया था। घर में उसकी पत्नी, बच्चे मौजूद थे।

रात में करीब साढ़े ग्यारह के बजे के लगभग पत्नी मूर्ति ने पीछे के कमरे की तरफ से आग की लपटे उठती हुई देखी। घर में आग लगने के बाद पत्नी एवं बच्चों ने पड़ोस में रहने वाले परशु यादव, हलकाई यादव, गजेंद्र राजा सहित अन्य लोगों को मदद के लिए बुलाया। परिवार के लोगों ने पड़ोसियों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग बुझती उससे पहले ही घर में रखी मूंगफली, गेंहू, चावल, दाल सहित अन्य कीमती सामान एवं दस्तावेज जलकर खाक हो गए। पीड़ित किशन यादव ने आग से 1.50 लाख रुपए के लगभग का नुकसान होने का अनुमान बताया है। पुलिस ने पीड़ित किशन यादव की शिकायत पर मामला जांच में लेते हुए कार्यवाई शुरू कर दी है।

## आज आयोजित होगा मतदाता संगीत समारोह

**छतरपुर, देशबन्धु।** मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में संचालित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज यानि कि 14 नवंबर, मंगलवार को जिला मुख्यालय पर मतदाता संगीत समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी की देखरेख में यह आयोजन शहर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से होगा। कार्यक्रम में अधिरोह बैण्ड द्वारा मतदान पर आधारित गीतों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तमाम मतदाताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## नेता बहुत चुन लिए इस बार बेटा चुनकर देखिए : तिवारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले की महाराजपुर विधानसभा सीट पर एक बार फिर त्रिकोणीय संघर्ष के साथ बड़े उलटफेर की संभावनाएं बन रही हैं। नौगांव में हुई सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव की सभा के बाद इस क्षेत्र में तेजी से हवा बदल रही है। कल तक जिस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में लग रहा था वहां अब समाजवादी पार्टी ने अपनी मजबूत उपस्थित दर्ज करा दी है। सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी जिस गांव में भी जनसंपर्क के लिए जा रहे हैं वहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत हो रहा है। दौलत तिवारी भी जनता से कह रहे हैं कि आपने नेता बहुत चुने, इस बार बेटे को क्षेत्र की सेवा का दायित्व सौंपकर देखें। मैं कभी आपको निराश नहीं करूंगा। सपा प्रत्याशी के साथ जुड़ रहे लोगों के कारण अब जानकारों को भी लग रहा है कि इस सीट पर मुख्य मुकाबला सपा और भाजपा के बीच है क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित को कई जगह 5 साल के कार्यकाल के कारण विरोधी लहर से जूझना पड़ रहा है।

नौगांव शहर के स्थानीय निवासी होने के कारण जहां अजय दौलत तिवारी को इस शहर में क्षेत्रीयता का लाभ मिल रहा है तो वहीं हरपालपुर क्षेत्र में भाजपा का विरोधी खेमा दौलत तिवारी के साथ जुट गया है।

गढ़ीमलहरा और महाराजपुर क्षेत्र में भी विगत रोज अजय दौलत तिवारी का भव्य स्वागत किया गया। विधायक से नाराज इस क्षेत्र के कई प्रभावशाली लोग अब समाजवादी पार्टी के साथ आ गए हैं। अखिलेश यादव की सभा में भी क्षेत्र के 50 से अधिक भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने अजय दौलत तिवारी के समर्थन में सपा की सदस्यता ली थी जिसका फायदा अब मिलने लगा है। अजय दौलत तिवारी ने सोमवार को नैगुवां, बिलहरी, सिंगरावन, चौखड़ा, भदेसर, लुगासी और मऊसहानियां में तूफानी जनसंपर्क करते हुए घर-घर जाकर वोट मांगे। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि एक बार अपने बेटे को चुनकर विधानसभा भेजें, हम परिवार मानकर इस क्षेत्र की सेवा करेंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा- भाजपा आई तो क्षेत्र में बढ़ेगा भ्रष्टाचार

# परिवार मानकर पांच साल तक सेवा की, आपका आशीर्वाद मेरी हिम्मत बढ़ाएगा : चतुर्वेदी



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने सोमवार को नगर के अनेक वार्डों में नुक्कड़ बैठकें लेकर जनता को संबोधित करते हुए 17 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान करने और कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में मैंने छतरपुर विधानसभा को अपना परिवार मानकर इसकी सेवा की है। शासन-प्रशासन से संघर्ष और संवाद कर जहां सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को बढ़ाने का काम किया तो वहीं निजी सामर्थ्य से भूखे लोगों को भोजन कराने, प्यासे लोगों को पानी पिलाने, गरीब बेटियों की शादी करने, युवाओं के लिए खेल आयोजन करने, बीमार लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने जैसे काम निरंतर किए हैं। इन 5 वर्षों की सेवा को अन्य प्रत्याशियों के काम के साथ तौलना जरूरी है। आज जो विरोधी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं, यह लोग 5 वर्ष तक जनसेवा से दूर रहते हैं और चुनाव के समय आपको गुमराह करने निकल आते हैं।

विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए कई हथकंडे अपनाए हैं, अपने कुछ एजेंटों को वोट काटने के लिए दूसरे दलों से भी उतारा गया है ताकि वे कांग्रेस का नुकसान कर सकें। यह वही लोग हैं जो हर बार डील करने के बाद अपने आपको जनता के बीच ले आते हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पहले भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं लेकिन उन्होंने सेवा का ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे उपलिब्ध कहा जा सके। वे सिर्फ क्षेत्र में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और घोटालेबाजी को बढ़ाने का काम करती रहीं। आज उनके प्रचार में छतरपुर के कई गुंडे बदमाश जनता को डराने और धमकाने का काम कर रहे हैं लेकिन मेरे क्षेत्र की जनता डरने वाली नहीं है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, यदि आपके इस सेवक को इस सरकार में काम करने का अवसर मिला तो हम छतरपुर का चहुंमुखी विकास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने खेलग्राम में आए क्षेत्र के मौनिया कलाकारों के साथ लोकनृत्य मौनिया का आनंद लेते हुए उन्हें दीपावली की बधाई भी दी।


## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणाः-**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पताः- **गोविन्द सिंह राजपूत, 1 सीमा नगर मधुकर शाह वार्ड सागर (म.प्र.)**

राजनीतिक दल का नामः- **भारतीय जनता पार्टी**

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखे)

निर्वाचन का नामः- **मध्यप्रदेश राज्य विधानसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2023**

निर्वाचन क्षेत्र का नामः- **37 सुरखी**

मैं **गोविन्दसिंह राजपूत** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ।

**A:- लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्या. श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी इंदौर | ssppm/37/2023 | आरोप तय नहीं | धारा 188 भा. दण्ड संहिता |
| 2. | पुलिस थाना राहतगढ़ सागर | FIRक्र.0694/2023 | चालान प्रस्तुत नहीं | धारा 188 भा. दण्ड संहिता<br>धारा 123 लो. प्रति अधिनियिम |

**B:- दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणाः-**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पताः-**रक्षा सिंह राजपूत**
**गृह संख्या 303, 1-चंद्रशेखर आजाद वार्ड मालथोन, जिला सागर**

राजनैतिक दल का नामः- **इण्डियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नामः- **मध्यप्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023**

निर्वाचन क्षेत्र का नामः- **36-खुरई**

मैं **रक्षा सिंह राजपूत** उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करती हूँ

**A:- लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं होता | थाना खुरई जिला सागर का अपराध क्र. 74/2023 | अन्वेषणधीन | धारा 294, 506 भा.द.सं. |
| 2. | लागू नहीं होता | थाना मालथोन जिला सागर का अपराध क्र.256/2022 | अन्वेषणधीन | धारा 420, 468, 471 भा.द.सं. |

**B:- दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |
| 2. | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणाः-**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पताः- **निर्मला, प्रताप वार्ड बीना 470113**

राजनैतिक दल का नामः- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा बीना**

निर्वाचन का नाम :- **बीना**

मैं **निर्मला** (अध्यार्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिये एक अभ्यार्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करती हूं:

**A:- लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायिक दण्डाधिकारी बीना | आर.सी.टी. 580/22 | लंबित | धारायें 149, 341 भा.द.विं. |

**B:- दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | निरंक | निरंक | निरंक |

### तत्कालीन सरपंच, सचिव ने निकाली राशि, धरातल पर नजर नहीं आ रहा काम

# गौ वंश के चारागाह की साढ़े चौदह लाख की राशि में भी पनपा भ्रष्टाचार



●अवधेश वर्मा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन की मंशानुसार गौशाला में रखे गए पशुओं को चरने की व्यवस्था के लिए ही यह योजना धरातल पर उतारी गई है। इस योजना के तहत पंचायत एजेंसी को निर्धारित भूमि विकसित करते हुए उसमें चारा आदि उगाने का कार्य किया जाता है। किसी भी खाली पड़े मैदान या भूमि के टुकड़े पर हरा चारा उगाकर उसे पशुओं के चराने के योग्य बनाना, जिससे पशुओं को अच्छा पौष्टिक एवं स्वादिष्ट चारा प्राप्त हो सके।

बल्देवगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरा के तत्कालीन सरपंच कुंवरलाल यादव, सचिव श्रीमति दीपा यादव और सेक्टर उपयंत्री की मिलीभगत से नऊवा तालाब की पहाड़ी पर करीब दो हैक्टेयर की भूमि पर विगत वर्ष 2020-21 में चारागाह के लिए 14 लाख 64 हजार 71 राशि से स्वीकृत हुआ। ग्राम पंचायत कोटरा में निर्माणाधीन चारागाह की बात करें तो यहां पर कागजों में ही इसका निर्माण कागजों में ही निर्माण कराकर राशि का आहरण कर बंदरबांट की गई। सवाल उठता है कि शासन द्वारा जारी किया गया वजट राम भरोसे छोड़ने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला क्यों झाड़ रहे हैं। अब इसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा कि गौ-वंश की भूख शांत करने आया वजट भी ठिकाने लगाने में कोई परहेज नहीं किया जा रहा।

## इनका कहना है

कोटरा में निर्माणाधीन चारागाह की जांच करवाता हूं। यदि वगैर कार्य किए ही राशि का आहरण कर लिया गया है तो संबंधित सरपंच और सचिव से वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

**प्रभाषराज घनघोरिया,** जनपद पंचायत सीईओ बल्देवगढ़

### कांग्रेस प्रत्याशी ने राजनीतिक फायदा उठाने गुमराह करने की कही बात

# विधायक पर लगाए आरोपों का स्वर्गीय ठेकेदार की पत्नी ने किया खंडन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विगत दिवस भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी के विरुद्ध बुजुर्ग महिला द्वारा उसके पुत्र ज्ञानेंद्र दीक्षित को मकान निर्माण कराने का ठेका देकर रुपए नहीं देने का आरोप लगाया गया था। बुजुर्ग महिला द्वारा कहा गया था कि वर्तमान विधायक राकेश गिरी द्वारा पैसे नहीं देने तथा मांगे जाने पर धमकियां देने के कारण ही उसके पुत्र की मौत हुई है। बुजुर्ग महिला फूला देवी पत्नि हरिनारायण दीक्षित द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन सोमवार को मृतक ठेकेदार ज्ञानेंद्र दीक्षित की पत्नि आशारानी दीक्षित द्वारा किया गया है। श्रीमती दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर उनकी सास द्वारा दिए गए शिकायती आवेदन को भी गलत ठहराया है। श्रीमती आशा रानी दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कहा गया है कि उनके स्वर्गीय पति ज्ञानेन्द्र दीक्षित ने विधायक राकेश गिरी के गणेश पुरम कॉलोनी निर्मित किए जा रहे मकान निर्माण का कार्य फुट के हिसाब से ठेके पर लिया था, किंतु छिदारी में पत्थर पर सिर के बल गिर जाने से उनकी मृत्यु हो जाने के कारण कार्य पूरा नहीं हो पाया। श्रीमती दीक्षित ने कहा कि उनका या उनके स्वर्गीय पति का विधायक राकेश गिरी अथवा उनके भाई गोलू गिरी के साथ हिसाब-किताब को लेकर कोई विवाद नहीं है। श्रीमती दीक्षित ने कहा कि उनकी सास 78 वर्ष की हो गई है और इसी कारण से उनकी सोचने समझने की शक्ति ठीक नहीं रहती। श्रीमती दीक्षित ने कहा है कि उनकी 78 वर्षीय बुजुर्ग सास को अपने राजनैतिक फायदे के लिये इन लोगो ने इस्तेमाल कर उनसे राकेश गिरी पर फर्जी व झूठे आरोप लगवाए थे। जिनका में पूरी तरह खंडन करती हूं। ये सारे आरोप निराधार व झूठे है। मेरा व मेरे स्वर्गीय पति ज्ञानेंद्र दीक्षित का राकेश गिरी या उनके भाई गोलू गिरी से किसी भी प्रकार का पैसों के लेनदेन को लेकर कोई विवाद नही है। कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह बुन्देला द्वारा राजनैतिक लाभ लेने व राकेश गिरी को बदनाम करने की नीयत से मिथ्या आरोप लगाए गए है। गौरतलब है कि विगत दो दिन पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी की पत्नी सुषमा सिंह और बेटे शाश्वत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी थी। इस दौरान खरगापुर तहसील के ग्राम पंचायत छिदारी निवासी फूला दीक्षित ने राकेश गिरी और उनके भाई पर 45 लाख रुपए का भुगतान नहीं करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि 2 साल पहले विधायक रहते हुए राकेश गिरी ने अपने नए मकान का निर्माण शुरू कराया था। मकान का ठेका मेरे बेटे ज्ञानेंद्र दीक्षित को दिया था। मेरे बेटे ने क्रेडिट पर सामान लेकर उनके मकान का निर्माण कराया। इसके बाद जब मेरे बेटे ने पैसे की मांग की तो गोलू गिरी ने रुपए नहीं दिए। 29 दिसंबर 2022 को उन्होंने मेरे बेटे को घर बुलाया और धमकी दी। परेशानी के चलते 30 दिसंबर 2022 को मेरे बेटे की गिरकर मौत हो गई थी। मृतक ठेकेदार की बुजुर्ग मां फूला दीक्षित ने बताया था कि बेटे की मौत के 1 साल बाद भी राकेश गिरी ने 45 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया है।

# सामान्य प्रेक्षक ने बेला नाका सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. शर्मिला मेरी जोसिफ ने सोमवार को बेला नाका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसएफटी तथा एसएसटी टीम से चर्चा करने के बाद आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सीएम राइज पलेरा हार, पॉलिटेक्निक कॉलेज, लारौन तथा चरी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा मूलभूत सुविधाओं के लिये आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर पलेरा तहसीलदार डॉ. अवंतिका तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को मिल रहे अपार स्नेह के प्रति जनता का आभारी : सिंह

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा की जनता से जो मेरी पार्टी को स्नेह व सम्मान मिल रहा है उसके प्रति हमारी कांग्रेस पार्टी जिंदगी भर जनता की आभारी रहेगी। जनता कांग्रेस पार्टी का परिवार है। हमारी पार्टी के प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह जनता से सीधा नाता रखने वाले व्यक्ति है। यह बात कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री पार्थ सिंह जूदेव ने महाराजपुरा, मानिकपुरा, बौरी, हनुमानसागर सहित अनेक ग्रामीण अंचलों में पार्टी पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कही है। सोमवार को टीकमगढ़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के पक्ष में उनके साथ जनसंपर्क कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले पार्टी जिला महामंत्री पार्थ सिंह जूदेव अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित पार्टी पक्ष में वोट मागने के लिए शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के घोषणा पत्र का वाचन करते हुए बताया कि सरकार आते ही किसानों का कर्जा पिछली बार की भांति इस बार भी पुनः माफ किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने अन्य तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए भाजपा सरकार पर कमीशन खोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि जनता से लूट खसोट करते आए हैं, यही कारण है कि आज जनता जर्नादन का आशीर्वाद कांग्रेस को मिल रहा है। इस दौरान सूर्यप्रकाश मिश्रा, संजय नायक, गौरव शर्मा, भरत सोनी, आनंद चौबे, पूनम जायसवाल, रामकुमार यादव, पूर्व पार्षद सुनील यादव, रिंकू भदौरा, हबीब राईन, अनीस अहमद, देवेन्द्र नापित, अरविन्द खटीक, लक्ष्मन रैकवार, छक्कीलाल कुशवाहा, रानू मिश्रा, प्रकाश अहिरवार सहित अनेक कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# चेक पोस्ट सहित नाकों पर सघन चेकिंग कर रही पुलिस



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आचार संहिता के तहत जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना देहात, बल्देवगढ़, बमोरीकलां, मोहनगढ़ एवं अन्य थाना क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन हेतु टीकमगढ़ पुलिस एवं सीआईएसएफके सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम के द्वारा प्रभावी फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित कर विश्वास पर्ची, रेड कार्ड, यलो कार्ड एवं ग्रीन कार्ड वितरित किए गए एवं निर्भीक होकर मतदान करने को बताया गया। इसके साथ ही विभिन्न थाना अंतर्गत चेक पोस्ट एवं नाको पर चेकिंग की जा रही है।

# व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक शिवप्रसाद एस ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु बनाये गये जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, व्यय लेखा प्रभारी आरके पस्तौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूसरे जिले के शासकीय सेवकों के मतदान के लिये फेसेलिटेशन सेन्टर स्थापित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में पदस्थ एवं निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न ऐसे शासकीय सेवक जो बाहर के जिलों के मतदाता है, उनके लिए इन जिलों से डाक मतपत्र प्राप्त होने पर मतदान कराया जाना है। इस हेतु कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 110 में दिनांक 14 नवम्बर 2023 से 16 नवम्बर 2023 तक फेसेलिटेशन सेन्टर बनाया जा रहा है, जिसमें ऐसे कर्मचारी/ अधिकारी अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते है।

# पुलिस ने फ्लेग मार्च निकालकर बाटी विश्वास पर्चियां



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आदर्श आचार संहिता के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम सासत्या के नेतृत्व में सोमवार को थाना खरगापुर अंतर्गत एरिया डोमिनेशन हेतु कस्बा खरगापुर में टीकमगढ़ पुलिस, सीआईएसएफ के सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम के द्वारा प्रभावी फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित कर विश्वास पर्ची वितरित की गई तथा निर्भीक होकर मतदान करने को बताया गया। इसके साथ ही फ्लैग मार्च के आगे पीछे वाहनों से साउंड स्पीकर से अनाउंस कर लोगों को भय मुक्त, निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, डीसीपी अजाक दिलीप पांडे, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय एवं टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना प्रभारी सहित लगभग 225 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसभाएं करके आर्शीवाद मांग रहे भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी



**टीकमगढ़,देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम नेनवारी, लार, बड़मराई खास, राम नगर भेषाट, लक्ष्मणपुरा गनियारी, नन्ही टेहरी में जनसभा और जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान कर जिताने की अपील की। शनिवार के दिन भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी जी ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेनवारी, लार, बड़मराई खास, राम नगर भेषाट, लक्ष्मणपुरा गनियारी, नन्ही टेहरी में जनसंपर्क कर जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और कमल के फूल पर वोट डालकर टीकमगढ़ विधानसभा में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का आग्रह किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी का जगह जगह फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस से नाराजगी के चलते सोमवार को ग्राम चकरा तिगेला, दरगुवा सहित अमरपुर के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने विधायक राकेश गिरी के समक्ष भाजपा की सदस्य ग्रहण की। इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने सभी कार्यकर्ताओं को फूलमाला पहनकर उनका भाजपा पार्टी में स्वागत बंदन किया। साथ ही उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि इस बार हम सभी अपनी पूरी ताकत से भाजपा पार्टी को जिताएंगे और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे।

# कल्याण पथ प्रदर्शक तीर्थंकर महावीर पुस्तक का किया विमोचन






**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विगत 10 नवम्बर 2023 को वरिष्ठ साहित्यकार अभिनन्दन गोइल के यशस्वी जीवन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी सद्यः सृजित कृति कल्याण पथ प्रदर्शक तीर्थंकर महावीर पुस्तक का विमोचन एक गरिमामय समारोह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. केएल जैन पूर्व अतिरिक्त निदेशक उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश रहे। अध्यक्षता डा. एनएम अवस्थी पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय टीकमगढ़ ने की एवं विशिष्ट अतिथि राजीव नामदेव राना लिधौरी जिलाध्यक्ष मप्र लेखक संघ रहे। यह कार्यक्रम एक निजी गार्डन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर साहित्य संस्था मध्य प्रदेश लेखक संघ टीकमगढ़, श्री वीरेन्द्र केशव साहित्य परिषद टीकमगढ़ सहित नगर की अन्य संस्थाओं एवं नगर के साहित्यकारों ने उन्हें सम्मानित किया। श्री गोइल के परिजनों एवं मित्रों नें उन्हें बधाइयाँ दीं एवं सभी ने उनके शतायु होने की ईश्वर से कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# दबंगों की गुंडागर्दी: कांग्रेस का प्रचार कर रहे युवक के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट

## जान से मारने की दी धमकी, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव के मतदान की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मी के साथ तनाव भी बढ़ने लगा है। कुछ लोग जहां अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को हर तरह से लुभाने में लगे हैं तो वहीं कुछ धमकाने पर और मारपीट पर उतर आए हैं। ऐसा ही एक मामला पन्ना जिले की पन्ना विधानसभा अंतर्गत अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बांधीकला में सामने आया है। जहां भाजपा समर्थक सरपंच विक्रम सिंह ठाकुर और उनके साथियों पर गांव के ही एक कांग्रेस पार्टी समर्थक युवा नेता धर्मराज पटेल के घर में रात्रि के समय जबरन घुसकर महिलाओं से कथित तौर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित महिलाओं का आरोप है, दबंग सरपंच ने धमकी दी है यदि धर्मराज ने कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव प्रचार बंद कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार नहीं किया तो घर से उसकी लाशें निकलेगी। इस घटनाक्रम से दहशत में आए पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक पन्ना से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जबरन घर में घुस आए दबंग, अकेली थीं महिलायें युवा कृषक धर्मराज पटेल निवासी ग्राम बांधीकला ने अपनी पत्नी और भाभी के साथ पन्ना पहुंचकर पुलिस कप्तान को लिखित शिकायती आवेदन पत्र सौंपा है। जिसमें उसने खुद को कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी बताते हुए बांधीकला सरपंच विक्रम सिंह ठाकुर और उसके साथियों पर कई गंभीर आरोप लगाए है। आवेदन पत्र में बताया गया है कि, विधानसभा चुनाव में वह अपनी पार्टी और प्रत्याशी के पक्ष में शांतिपूर्वक चुनाव प्रचार कर रहा है। बीजेपी समर्थक दबंग सरपंच विक्रम सिंह को इस पर ऐतराज है। इसी के चलते शनिवार 11 नवंबर को बांधीकला सरपंच ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ रात्रि में लगभग 10.30 बजे मेरे घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली-गलौंज, छीना झपटी और मारपीट की गई। इस दौरान उसकी पत्नी के हाथ से गिरकर मासूम बेटी घायल हो गई है। घटना के समय धर्मराज की पत्नी व उसकी भाभी घर पर अकेली थीं। युवा कृषक फसल की सिंचाई करने अपने खेत गया था। जबकि उसका बड़ा भाई गुजरात में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। युवा कृषक धर्मराज खेत से जब वापस अपने घर पहुंचा तब पत्नी और भाभी ने उसे सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी दी। पीड़ित परिवार अपनी फरियाद लेकर अमानगंज थाना पहुंचा। जहां थाना प्रभारी द्वारा कथित तौर पर उल्टा पीड़ितों को धमकाते हुए उनके ही विरुद्ध एफआईआर करने की बात कही गई। पीड़ितों के अनुसार थाना प्रभारी अमानगंज सरपंच के रिश्तेदार है इसलिए वह आरोपियों का बचाव कर रहे हैं। कांग्रेस का नहीं बीजेपी का करो प्रचार अमानगंज थाना में सुनवाई न होने पर परेशान पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंचा। लेकिन अवकाश होने के कारण कार्यालय बंद होने पर पीड़ित परिवार एसपी आवास पहुंच गया। जहां दोपहर से देर रात तक इंतजार करने के बाद उनकी पुलिस अधीक्षक से मुलाकात हो पाई। भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने पीड़ितों को मामले की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने और सुरक्षा का आश्वासन दिया है। वहीं पीड़ित महिला ने जिला मुख्यालय के पत्रकारों बताया कि रात्रि में जबरन घर में घुसकर सरपंच विक्रम सिंह और उनके साथियों ने धमकाते हुए कहा तुम्हारा पति धर्मराज कांग्रेस पार्टी का प्रचार-प्रसार क्यों कर रहा है, भाजपा का प्रचार क्यों नहीं करता। कांग्रेस को छोड़कर भाजपा के पक्ष में आ जाओ, अगर नहीं समझे तो तुम्हारे घर से लाशें निकलेंगीं। वहीं धर्मराज ने बताया कि वह अपनी पार्टी कांग्रेस का प्रचार शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है लेकिन उसे और उसके परिवार को लगातार डराया.धमकाया जा रहा है। उसने भाजपा का प्रचार करने के लिए दबाव बनाने वाले आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। कुछ इसी तरह की चिंताजनक घटनाएं अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत भी सामने आई हैं। जिसके बाद यह सवाल उठ रहा है कि, इन हालात में पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष और शांति पूर्वक चुनाव कैसे संपन्न हो पाएंगे। वोट प्रेम से मांगें, धमकी न दें किसी को, पन्ना विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पाण्डेय ने बांधीकला ग्राम की घटना सहित अजयगढ़ क्षेत्र सिद्धपुर एवं बड़ी रूंध में कांग्रेस समर्थकों को भाजपा समर्थकों द्वारा कथित तौर पर धमकाने, गाली गलौंज और मारपीट करने के मामले गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पन्ना से भाजपा प्रत्याशी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने समर्थकों व गुण्डों से हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गाली गलौंज और मारपीट करवा रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि वोट या समर्थन प्रेम से मांगें किसी को धमकी न दें।

कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पाण्डेय ने निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने की मांग की है। उन्होंने अपने अंदाज में भाजपा प्रत्याशी को सचेत करते हुए कहा कि मंत्री जी अपने गुण्डों को संभाल कर रखें, यदि कोई विशेष बात है तो 17 तारीख मतदान के बाद देखा जाएगा। उचित जवाब दिया जाएगा। लेकिन मैं चाहता हूं कि हम सब लोग मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराएं और आपसी सौहार्द को बनाएं रखें। उल्लेखनीय है कि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में भाजपा प्रत्याशी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह तथा बांधीकला सरपंच विक्रम सिंह की ओर से किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

### इनका कहना है

कल शाम को प्रकरण संज्ञान में आने पर तुरंत एसडीओपी गुनौर को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। रात्रि में पुलिस के द्वारा फरियादी और उसके परिजनों से चर्चा की गई है। उन्हें सुरक्षा का आश्वासन देकर वापस घर पहुंचाया गया। जांच में जो भी तथ्य निकलकर आएंगे उसके अनुसार न्याय संगत कार्रवाई की जायेगी।

**साई कृष्ण एस थोटा,**
**पुलिस अधीक्षक, पन्ना**

दीपावली के दिन हादसा

# तालाब में नहाने गए 2 चचेरे भाइयों की डूबने से मौत



**दमोह/हटा देशबन्धु।** दीपावली के दिन रविवार को हटा थाना क्षेत्र के एक गाँव मे रहने वाले दो किशोरों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चों की मौत के बाद गाँव मे मातम पसरा हुआ है। यह नाबालिग बच्चे गाँव में ही बने तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान तालाब में डूबने से दोनों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेंद्र पिता खूब सींग 12 और सौरभ पिता पुरन सींग 12 दोनों निवासी खेजरा गाँव के है। सुबह से ही गाँव के ही एक तालाब में नहा रहे थे। नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुबह से दोनों बच्चे गाँव मे ही बने तालाब में नहाने गए थे। काफी देर तक वह बच्चे घर नही लौटे तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने काफी देर तक खोजबीन की वह तालाब के पास पहुचे बच्चे जहां पर लोगो ने बच्चों के कपड़े तालाब के पास रखे देखे और तालाब में दोनों बच्चों की तलाश की गई दोनों बच्चों को तालाब से निकाल कर निजी वाहन के मदद से हटा सिविल अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतको के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस हादसे से दो परिवारो में मातम है उनका दिवाली का उजाला अंधेरे में बदल गया। वही हटा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के शव स्वजन को सौंप दिए हैं। मार्ग कायम कर जांच में लिया है।

## पुल के नीचे मिली अज्ञात महिला की लाश

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे रामनगर के पुल के नीचे अज्ञात महिला की लाश मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी, दोनों प्रदेशों की पुलिस ने पहुंचकर शिनाख्त का प्रयास किया जिस पर महिला की पहचान कुसुम लोध पति मनोज लोध उम्र 28 साल निवासी ग्राम कुडरा थाना धरमपुर के रूप में हुई, मृतका के जेठ चंद्रपाल लोध ने बताया कि उसके भाई मनोज की शादी काजीपुर की कुसुम से हुई थी और तभी से वह मानसिक बीमार रहने लगी थी, इलाज करवाया पर कुछ समय के लिए ठीक हो जाती और कुछ समय बाद में फिर बीमार हो जाती थी कुछ दिनों पूर्व वह अपने मायके काजीपुर गई थी शायद वह मायके से अकेले आते समय मानसिक संतुलन बिगड़ने पर पुल से गिर गई होगी, पुलिस ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## कलेक्टर ने संविदा उपयंत्रियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने जनपद पंचायत अजयगढ़ के संविदा उपयंत्री आशीष कुमार विश्वकर्मा और जनपद पंचायत पन्ना के संविदा उपयंत्री रावेन्द्र त्रिपाठी एवं अनिल कुमार सक्सेना को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस प्राप्ति के 24 घण्टे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा संविदा नियमों के तहत सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी।

# बुलेरो को बचाने में पलटी बस, बाल-बाल बचे यात्री



**दमोह/हटा देशबन्धु।** अमानगंज से हटा की ओर आ रही यात्री बस के सामने तेज रफ्तार बुलेरो कार आ गई। बुलेरो गाड़ी को बचाने के फेर में यात्री बस के ड्राइवर ने बस को सड़क से नीचे उतारा तो बस अनियंत्रित होकर खेत मे जा पलटी। रविवार की दोपहर यह हादसा हटा मड़ियादो मार्ग पर व्यवहारी ग्राम के समीप हुआ। दरअसल अमानगंज से हटा आ रही छोटे गर्ग बस ट्रेवेल्स की बस क्रमांक एमपी 41 पी 1077 रोज की तरह रविवार को अमानगंगज से रवाना हुई इसमें लगभग आधा दर्जन सवारी सवार थी। कुछ देर की यात्रा के बाद बस जैसे ही हटा मड़ियादो मार्ग पर व्यवहारी ग्राम के समीप पहुची तो सामने हटा की ओर से तेज रफ्तार बुलेरो गाड़ी आ गई। बुलेरो की रफ्तार को देख बस ड्राइवर को हादसे का अंदेशा हुआ और उसने तत्काल बस को सड़क से नीचे उतार दिया। तो बस एक खेत मे जाकर पलट गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में जान माल की हानि नहीं हुई। घायलों को हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्री बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आई।

# जयंत मलैया ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी का दमोह विधानसभा में जनसंपर्क और आमसभा का आयोजन निरंतर जोरों पर है दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया ने पंडित जितेंद्र गुरु के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया । जिसमें उन्होंने ग्राम सिमरी, महुआ खेड़ा, खिरिया, मड़ला, खेरी पायरा, हिन्नाई उमरी, मारा, सूखी, पिपरिया, खेरूआ, ढिगसर, मंडला, इमलाई कॉलोनी, विजय नगर सिविल वार्ड 10 में जनसंपर्क और बैठक के माध्यम से आमजन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश में किए गए विकास कार्यो एवं भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की। नगर के बजरिया वार्ड पंच में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज पूर्व महामंत्री रमन खत्री एवं बड़ी संख्या में आमजम एवं कार्यकर्ताओं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। एवं जयंत मलैया ने सैकड़ों वार्ड वासियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

**50 से अधिक युवाओं ने ली भाजपा की**



**सदस्यता:** ग्राम सागोनी कला के 50 से अधिक युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं युवाओं के प्रति भाजपा सरकार के द्वारा किए गए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों के लिए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें युवा नेता सिद्धार्थ मलैया ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई एवं उनके भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया।

# चुनाव को लेकर हुई बैठक



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डा. डी साजिथ बाबू एवं प्रेक्षक कमलकांत सरोच, व्यय प्रेक्षक मनीष जे.अजुदिया और प्रेक्षक दिनेश हरीराम माते, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अहम बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर पुलिस सुनील अधीक्षक तिवारी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, एडिशनल एस.पी. संदीप मिश्रा, रिटर्निंग आफीसर, सभी नोडल अधिकारी, सीआईएसएफ के अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया 17 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। जरूरत पड़ी तो टोकन नंबर दिए जायेंगे। इसकी तैयारी पूरी तरह से हो चुकी है। मतदान केंद्रों पर बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। निरूशक्तजनों को ट्राइसिकल की व्यवस्था की गई है। प्रेक्षक डा. डी साजिथ बाबू ने कहा निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने निर्वाचन की व्यवस्थाओं से संबंधी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधी जानकारी दी। पोलिंग पार्टी के वाहनों में जीपीएस लगाए जायेंगे। बैठक में निर्वाचन से संबंधित जानकारी पावर प्वाइंट के माध्यम से दी गई।

## छेवलादुवे एवं खेजरा खुर्द पर दीप एवं रंगोली सजा कर मतदाताओं को किया गया जागरूक

दमोह देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में विधानसभा हटा के मतदान केंद्र-198 छेवलादुवे पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा रंगोली सजा कर एवं मतदान केन्द्र-43 खेजरा खुर्द के बीएलओ दिनेश प्यासी द्वारा मतदान केंद्र पर रंगोली सजाकर एवं दीप जलाकर मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## स्ट्रांग रूम में काउंटरवार कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदान उपरांत महाविद्यालय परिसर में सामग्री जमा होगी। इसके लिए विधानसभावार काउन्टर स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। पवई विधानसभा के लिए 6 काउन्टर और गुनौर एवं पन्ना विधानसभा के लिए 5-5 काउन्टर बनाए गए हैं।

# एसडीएम के नेतृत्व में निकला कैंडल मार्च




**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी 57 हटा रीता डहेरिया के नेतृत्व में चंडी जी परिसर से नगर के प्रमुख स्थलों से होते हुए नावघाट तक मतदाताओ में जागरूकता हेतु कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, सीएमओ राजेंद्र खरे, डाइट प्राचार्य, आर पी विश्वकर्मा, बीइओ बीएस राजपूत एके सिंह, सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। कैंडल मार्च का सफल संचालन मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, दिनेश प्यासी ने किया।

## ट्रैक्टर चालक की लापरवाही: ब्रेकर में 3 बालिकाओं के उछलने से 1 की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत ग्राम बंगला निवासी राव साहब राज गौड़ की तीन पुत्रिया ट्रैक्टर मे बैठकर बृजपुर जा रही थी। उसी दौरान ट्रैक्टर चालक द्वारा तेज रफ्तार ट्रैक्टर चलाया गया जिससे ब्रेकर से उछल कर तीनो बच्चिया सडक में जा गिरी। जिससे डेढ वर्षीय बालिका की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य बुरी तरह घायल हो गई। घायलो को ईलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि उक्त घटना चालक की लापरवाही से हुई है।

# जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड पहुंचे कलेक्टर, मुंह मीठा कर दीपावली की दी शुभकामनाएं



पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर हरजिंदर सिंह सोमवार सुबह अपनी धर्मपत्नी डॉ. शैली जोशी के साथ जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड पहुंचे और प्रसूता महिलाओं से भेंट कर हालचाल जाना। साथ ही अस्पताल एवं वार्ड में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुंह मीठा करा दीपावली पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। महिलाओं से अपने और जन्मे बच्चे की बेहतर देखभाल तथा संस्थागत प्रसव पर मिलने वाली सुविधा का लाभ लेने के लिए कहा। जिला कलेक्टर द्वारा सपत्नीक दिवाली पर्व पर मैटरनिटी वार्ड में पहुंचने पर यहां भर्ती महिलाएं और उनके परिजन प्रसन्न थे। इस मौके पर एसएनसीयू के इन बोर्न यूनिट एवं आउट बोर्न यूनिट का अवलोकन किया और सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता से वार्ड में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली।

# दीवारी नृत्य व दीवारी गायन की अनूठी परंपरा शुरू



**दमोह हटा देशबन्धु।** बुंदेलखंड में दीपावली शुरू होते ही ग्यारह दिवसीय दीवारी नृत्य व दीवारी गायन की अनूठी परंपरा शुरू हो जाती है। जो लगातार 11 दिनो तक चलती है। इस दौरान परंपरागत वेषभूषा में सजे धजे ग्वालो की टोली दीवारी नृत्य गायन करते हुए गांव गांव में जाती है। इस बार भी पर्व के चलते क्षेत्र के दर्जनो गावं में युवा व बुजुर्ग यदुवंशी प्राचीन परंपरा को आगे बढाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बुंदेलखेड की मिट्टी में रची बसी यह परंपरा में दीपावली से ही ग्यारह दिवसीय महोत्सव शुरू हो जाता है। जिसमें गौवंश की संरक्षण, संरक्षण व संवर्धन को लेकर भी ग्रामीणो को जागरूक किया जाता है। जिसमें एक लाठी में छागौर बांध की लकडी को बांध पूजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि छागौर में सभी देवी देवताओं का वास होता है। इसीलिए इस लकडी को बीच में रखकर यदुवंशी पूरी रात दीवारी नृत्य गायन करते है। सुबह होते ही मृदंग के साथ मोर पंख बाधे जाते है। इसके बाद ग्वाल-बाल की टोली विविध परिधानो से सज धज कर घर घर जाकर लोगो को दीवारी नृत्य और संगीत प्रस्तुत करती है। जिसे देखने के लिए लोगो की भारी भीड लगी रहती है। जितेंद्र यादव, , राजेश यादव ने बताया कि दीपावली की रात में दीपक जलते ही यदुवंशी की सनातन परंपरा का उत्सव शुरू हो जाता है। जिसमें छागौर बांधकर ग्वालवाल की टोलियों के साथ पूरा नगर उत्सव में शामिल होकर निकलता है। गांव के लोग ग्वाल वालों की टीम का स्वागत सत्कार करते हैं। सबसे पहले मृदंग की पूजन के बाद घर घर नाचते गाते पहुचते हैं। जिस गांव में ग्वालवाल नही होते वहां पर दूसरे गांव की ग्वालवाल की टोलियां पहुंचती हैं। नगर में टीकमगढ़ छतरपुर पन्ना जिले की टोलियां जाती हैं जो गौरीशंकर व चण्डीजी मंदिर में टोलियां नृत्य करती है। ऐसी मान्यता है कि गांव की सुख समृद्धि के लिए गांव जगाने के लिए ग्वाल वाल की टीमें गांव के घर घर पहुंचती हैं।



## दीपावली पर्व पर नवरात्रि की तरह विराजमान हुई मां लक्ष्मी

**सागर, देशबन्धु।** श्री सार्वजनिक लक्ष्मी महोत्सव समिति द्वारा प्रतिबर्ष अनुसार नवरात्रि की तरह दीपावली पर्व पर शहर के तिलक गंज वार्ड में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विराजमान हुई। जहां नवरात्रि की तरह 10 दिनों तक विधि विधान से मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जावेगी। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने बताया कि श्री सार्वजनिक लक्ष्मी महोत्सव समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से माता लक्ष्मी की प्रतिमा दीपावली पर्व पर विराजमान की जाती है जहां पर 10 दिनों तक मां लक्ष्मी विराजमान रहती है और शहर के भक्तजनों को आशीर्वाद देती है इस अवसर पर समिति द्वारा देवी भागवत कथा का भी आयोजन किया गया है उन्होंने बताया समिति पिछले 54 वर्षों से मां लक्ष्मी की प्रतिमा विराजमान करती आ रही है। उन्होंने बताया कि 16 से 22 नवंबर तक समय दोपहर 2 बजे से श्रीदेवी भागवत कथा का आयोजन कथावाचक पं. ऋषि गुरु के मुखारविंद से प्रारंभ होगी। सभी शहरवासी तिलकगंज स्थित महेंद्र मील के पीछे विराजमान माता रानी के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित करें। इस दौरान समिति के सदस्य रानू यादव एवं चंद्रहास आठिया ने बताया कि शहर में केवल सार्वजनिक लक्ष्मी महोत्सव समिति ही मां लक्ष्मी की स्थापना करती है और प्रतिदिन विधि विधान से माता की महाआरती और भोग लगाया जाता है।

## दीपावली पर मनमोहक श्रृंगार कर की बाबा महाकाल की गई महाआरती

**बांदरी, देशबन्धु।** सागर जिले के खेजरा धाम मैं बाबा महाकाल का प्रसिद्ध मंदिर है यहां हजारों की संख्या में भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते हैं यहां की विशेषता है कि यहां के मंदिर का निर्माण पुष्प नक्षत्र हुआ है। दिवाली के उपलक्ष्य में बाबा अभिषेक एवं विशेष श्रृंगार कर बाबा महाकाल की आरती की गई। महाआरती के दौरान सबसे पहले महाकाल को पंचामृत स्नान कराने के बाद दीपावली पर पुजारी ने भगवान को केसर चंदन इत्र का उबटन लगाया। पुजारी ने भगवान को गर्म जल से स्नान कराने के पश्चात कपूर आरती की स्नान के बाद महाकाल को नए वस्त्र, आभूषण धारण कराकर आकर्षक श्रृंगार किया। इसके बाद भोग लगाकर महा आरती की गई इसके बाद मंदिर में सेवा दे रहे पुजारी पं. हिमांशु तिवारी ने बताया कि दिवाली के अवसर पर 1100 दीप जलाकर दीपावली सभी ग्रामवासी मनाएंगे, महा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# दीपपर्व की धूम, रोशनी से जगमग हुआ शहर आसमान में आतिशबाजी का नजारा

**सागर, देशबन्धु।** दीपावली पर्व मनाने के लिए शहर में खासा उत्साह नजर आया। रविवार को त्योहार का उत्साह लोगों के सिर पर चढ़कर बोला। बाजार में भी रौनक रही और दुकानदारों में ग्राहकों की भीड़ से उत्साह दिखा। दीपपर्व के अवसर पर विधि-विधान से घरों में पूजन किया गया। वहीं सोमवार को शहर में गोवर्धन पूजन पारंपरिक और उत्साह के माहौल में किया गया। दीपावली की बात करें तो इस त्योहार पर शहर के साथ उपनगर में लोगों की भीड़ बाजार में दिखाई दी। कटरा में दोपहर तक ज्यादा भीड़ नहीं दिखाई दे रही थी लेकिन शाम होते-होते बाजार ग्राहकों से गुलजार हो गए। बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए उमड़ पड़े। देर शाम तक भी लोग खरीदारी के लिए पहुंचते रहे। पूजन सामग्री, सजावट के सामान, गिफ्ट, गारमेंट्स, ज्वेलर्स, मिठाई दुकानों पर रौनक देखी गई। लोगों ने अपने घरों में भी तैयारी कर ली थीं। बालिकाओं ने घर के आंगनों में रंगोली बनाई तो छोटे-छोटे बच्चे पटाखा फोड़ने के उत्साह से लबरेज दिखाई दे रहे थे। देर शाम के बाद दुकानों पर विभिन्न सामानों की जमकर बिक्री हुई। पूजन के बाद रहवासी कॉलोनियों के साथ गली-मोहल्लों और बाजार में भी लोगों ने जमकर आतिशतबाजी की। इधर, दीपावली पर्व पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखी। पर्व के दिन शहर में पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया।



## मतदान सामग्री वितरण के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज का गेट नंबर एक पूर्णता रहेगा प्रतिबंधित

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में विधानसभा निर्वाचन हेतु सामग्री वितरण के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिसके तहत सागर से बहरिया जबलपुर रोड पर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज का गेट नंबर एक सभी के लिए प्रतिबंधित रहेगा। इस गेट से कोई भी अधिकारी कर्मचारी प्रवेश नहीं कर सकेगा। यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था हेतु जो व्यवस्था सुनिश्चित की गई है उसमें प्रमुख रूप से मतदान दल में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचने के लिए पैराडाइज होटल से बंसल अस्पताल होते हुए रेलवे स्टेशन मकरोनिया लक्ष्मी नगर से इंजीनियर कॉलेज परिसर पहुंचेंगे, जहां सभी मतदान दल अधिकारी कर्मचारी वहा से अपनी-अपनी विधानसभा में बनाई गई पार्किंग में अपने चार पहिया, दो पहिया वाहन पार्क कर सकेंगे। इसी प्रकार का निर्वाचन की सामग्री वितरण में समस्त अधिकारी कर्मचारी भी पैराडाइज होटल बंसल अस्पताल मकरोनिया रेलवे स्टेशन लक्ष्मी नगर से होते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचेंगे। सभी संलग्न वितरण अधिकारी कर्मचारियों की पार्किंग इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टेडियम में रहेगी, सभी गाड़ियां पार्क करने के उपरांत सभी अधिकारी कर्मचारी पैदल अपने-अपनी विधानसभा सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचेंगे एवं सामग्री वितरण का कार्य करेंगे।

## मतदान तिथि 17 नवम्बर को सामान्य अवकाश घोषित

**सागर, देशबन्धु।** मप्र में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान तिथि शुक्रवार 17 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अधिूसूचना सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 17 नवम्बर के सामान्य अवकाश की जारी अधिसूचना का अक्षरश: पालन कराने के दिशा निर्देश सभी विधानसभा क्षेत्र सहित विभागो के अधिकारियों को प्रेषित किए है।

# दीपावली की रात किराना दुकान में लगी आग



**बीना, देशबन्धु।** मुसयावदा गांव स्थित एक किराना दुकान में दीपावली की रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। बीना के छोटी बजरिया चौकी के अंतर्गत आने वाले मुसयावदा गांव में दीपावली की रात नंद किशोर पिता मुन्नालाल विश्वकर्मा 23 के घर के सामने उसकी किराना की दुकान में आग लग गई। आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। नंद किशोर विश्वकर्मा ने बताया कि उसने दीपावली की पूजा करने के बाद अपनी दुकान को बंद कर दिया था। इसके बाद आग कैसे लगी पता नहीं है। आग लगने की जानकारी के बाद आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से करीब 30 हजार रुपए का सामान और 10 हजार रुपए नगदी जल गए। पीड़ित ने छोटी बजरिया पुलिस चौकी में कार्रवाई और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## टेंट हाउस की दुकान में लगी आग



**बीना, देशबन्धु।** नई बस्ती स्थित उज्जवल बिहार कॉलोनी में एक टेंट की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इसकी वजह से इलाके में अफरा तफरी मच गई। बता दे कि आग इतनी भीषण थी कि उसका धुआं काफी दूर तक दिखाई दे रहा था। इस घटना में टेंट हाउस का सारा सामान जलकर राख हो गया। टेंट व्यवसासी शुभम विश्वकर्मा ने बताया कि वह दुकान बंद करके घर चला गया था तभी दुकान के पास रहने वाले ने जानकारी दी कि दुकान में आग लग गई है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर दुकान के ताले खोले तो दुकान में भीषण आग लगी हुई थी। दुकान के बाजू में लगे ट्यूबवेल से पानी भरकर आग को बुझाने का प्रयास किया। इसी के साथ नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सभी लोग आग को बुझाने का प्रयास करने लगे थे। कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। जब तक आग बुझ पाती, तब तक लाखों रुपए के टेंट की सामग्री, कुर्सी व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। टेंट व्यवसासी ने बताया कि आग लगने से करीब छह लाख रूपए का नुकसान हुआ है। टेंट संचालक ने नई बस्ती पुलिस चौकी में पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई और मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## दीपमालिका के प्रकाश से



दीपमालिका के प्रकाश से,
जीवन ऊर्जस्वित हो जाये।
भौतिकता की चकाचौंध में,
जब मन में तमिस्त्र गहराये।
पर्व, उत्सवों की जगमग से,
समरस आत्म, क्य बन जाये।
वैभव से सम्पन्न सभी हों, रोग
कलुष सबके मिट जाये।
घर आंगन धन धान्य भरे हों,
खेत शस्यश्यामल बन जायें।
दीपमालिका के प्रकाश से,
जीवन ऊर्जस्वित हो जाये।
रामविजय के महापर्व पर, दीपों की जगमग जगमाला।
मिट्टी के लघु दीपक से जब, रोशन होता है जग सारा।
प्रसुप्त चेतना को जागृत कर, आत्म तत्वसम्पन्न बनायें।
सुख साधन सब प्राप्त करें, हम दिव्य चेतना को लहराये।
दीपमालिका के प्रकाश से, जीवन ऊर्जस्वित हो जाये।
दीप जले, जीवन हो प्रमुदित, अन्तर्मन का छंटे अंधियारा।
मां लक्ष्मी की मिले प्रसादी, हरि नारायण की छत्रछाया।
श्रेष्ठ बुद्धि से सभी प्रकाशित, हृदय प्रेम से भरभर जाये।
ऐश्वर्य बढ़े, आरोग्य रहें, दिन दूनी प्रगति से जीवन संवारें।
दीपमालिका के प्रकाश से, जीवन ऊर्जस्वित हो जाये।
मिटे कलुष, भ्रम, संशय मन के, सुरुचिपूर्ण जीवन हो जाये।
जगतीतल पर सभी निरामय हो, भक्ति बीज मन में प्रगटायें।
ललकारें कलियुगी कालिमा, दिव्य भाव मन में भर जायें।
भूखे को भोजन, मिटे गरीबी, हर घर में खुशहाली आये।
दीपमालिका के प्रकाश से, जीवन ऊर्जस्वित हो जाये।
कथनीकरनी एक करें हम, मिलजुलकर सात्त्विक सुख पायें।
त्याग तपस्या से तपबल साधें, हर पल ईश्वर को आराधें।
माता पिता के प्यार को पाकर, गीत प्रीत के सबमिल गायें।
लक्ष्मी सरस्वती की कृपा से, जीवन सबका सार्थक हो जाये।
दीपमालिका के प्रकाश से, जीवन ऊर्जस्वित हो जाये

**-डॉ. सरोज गुप्ता, अध्यक्ष हिन्दी विभाग**
**शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर म.प्र.**

## भारतीय सर्व ब्राह्मण समाज संगठन की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** राजीव नगर वार्ड में भारतीय सर्व ब्राह्मण समाज संगठन की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह मे सागर के सैकडाभर ब्राह्मणों ने हिस्सा लिया एवं अनेक प्रस्तावों पर निर्णय भी लिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुये पं. संतोष पाण्डेय ने कहा आज समाज को जिस तरह से विभिन्न सरकारों व दलों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है वह अब बर्दाश्त के बाहर है। जहां देखो अत्याचार अनाचार एवं मारपीठ की घरनाओं के साथ उनके घर तोड़ दिये जाते है आज ऐसे लोगो बदलना होगा। सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष इंद्रजीत दुबे ने कहा ब्राह्मण समाज हमेशा आमजन देश प्रदेश के भले के लिए काम करता है हम राजा बने या न बने लेकिन राजा बनाने मे आज भी सक्षम है हमने जहां समाज की उत्कृष्ट सेवा हेतु देश मे हीरे जैसे लोग दिये है फिर वो चाहे समाज के निम्न तबके से आए चन्द्रगुप्त मौर्य हो या हेमू कालानी या फिर अनेक सम्राट ब्राह्मण समाज एक शांतिप्रिये किन्तु बौद्धधिक संपन्न समाज रहा है आज की स्थितियों को देखकर ऐसा लगने लगा है की हर पांच वर्षों मे सरकारें बदलती रहनी चाहिए। भार्गव ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने कहा ब्राह्मण हमेशा देश और क्षेत्र विकास की बात करता है आज सागर की स्थिति किसी से छुपी नहीं है हर रोज सड़कें मिटाई और बनाई गयी है करोड़ो का घोटाला सागर झील में हुया है और तो और एक ही व्यक्ति चार चार बार चुनाव मे हाथ आजमाइश कर रहा है न तो लड़ने वाले को शर्म है और न ही लड़वाने वाले को। अरे जब तक आप सीट खाली नहीं करोगे तो किसी नए को मौका कैसे मिलेगा। सागर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. विध्याभूषण तिवारी ने कहा की बदलाव जरूरी है एक दिन पुराना पानी बदलना पढ़ता है फिर तो ये सरकार और विधानसभा है पांच साल मे इंसान मर तक जाता है फिर तो ये विधानसभा और सरकार है वह भी बीस साल पुरानी इसे बदलना ही होगा। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दिनकर तिवारी ने भी अपने विचार रखे और कहा हम सब मिलकर बदलाव लाएंगे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीनारायण सोनकिया ने किया। भारतीय सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के राष्ट्रीय संयोजक पं. प्रदीप पाण्डेय ने कहा की इन बीस वर्षो की सरकार में आज तक ब्राह्मण समाज के सहयोग संबल हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया यही समय है जब पूरी विधानसभा को ही बदल दिया जाये एक ओर जहां शिवराज सिंह चौहान ने ब्राह्मण समाज के लिए दो साल पहले घोषणा की थी पुजारियों पंडित को मानदेय बढ़ाकर देंगे लेकिन आज तक कुछ नहीं किया। समारोह में पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, रमेश दुबे, भूपेन्द्र अग्निहोत्री, लक्ष्मीनारायण सोनकिया, शिवकुमार ज्योतिषी, पं. वीरेंद्र दुबे, रमेशकुमार पाठक, आलोक प्यासी, अखिलेश मिश्रा आदि सैकड़ों ब्राह्मण उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा 900 किलो से अधिक खोवा जप्त



**सागर, देशबन्धु।** त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई निर्माता, विक्रेताओं की जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीना पुलिस द्वारा शंका के आधार पर सामवेद रोड लाइन्स ग्वालियर के ट्रक को रोका गया। जिसमें गुड्स के सामान के बीच में मावा छुपा कर लेकर जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते है रात्रि में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय पहुंची और ट्रक के अंदर छुपाकर ले जाये जा रहे मावा का निरीक्षण किया और प्लेन पॉलिथीन में पैक मावा और राधिका ब्रांड मावा का विधिवत नमूना लिया। कुल 546 किलो राधिका ब्रांड मावा और 420 किलो प्लेन पॉलिथीन में पैक मावा को अधिनियम अनुसार जप्तकर कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवाया गया है। उक्त नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## अन्य जिलों के शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को मतदान की सुविधा

**सागर, देशबन्धु।** जिले के शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को मतदान की सुविधा 16 नवंबर तक कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 227 में उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की तहत सागर जिले में शासकीय अधिकारी कर्मचारी जो की सागर जिले की मतदाता सूची में नहीं है उनको अन्य जिलों की मतदाता सूची अनुसार संबंधित जिलों में मतदान करने की सुविधा कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 227 में 14, 15 एवं 16 नवंबर को उपलब्ध रहेगी। नोडल अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे समस्त अधिकारी कर्मचारी अन्य जिलों के निवासी हैं और सागर जिले में पदस्थ हैं उनको यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**सागर, देशबन्धु।** सनौधा थाना की शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के परसोरिया मार्ग पर बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर घायल हुआ है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार ग्राम पड़रिया निवासी सनी पिता भगवानदास सौर उम्र 22 साल निवासी पड़रिया बाइक से परसोरिया से पड़रिया जा रहा था। तभी टगर हार के पास बाइक अचानक स्लिप हुई और अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना देख मौके पर राहगीर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां गंभीर घायल सनी का इलाज चल रहा है।

## गांव-गांव में बनाई जा रही सागर की दिवाली मतदान वाली रंगोली

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कार्य एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। सागर की दिवाली मतदान वाली गाने से प्रेरित होकर कई घरों एवं गांव गांव में बनाई जा रही रंगोली में सागर की दिवाली मतदान वाली लिखा जा रहा है। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन में बताया कि सागर की दिवाली मतदान वाली थीम पर बनने वाली रंगोली के कई चित्र प्राप्त हुए हैं, जो यह दर्शाते है कि मतदाता जागरूकता अभियान अब घर-घर में पहुंच गया है और इसके सकारात्मक परिणाम विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के रूप में देखने को मिलेगें। स्वीप टीम के द्वारा अनेक नवाचार मतदान वृद्धि की दृष्टि से किया जा रहे हैं, जिसमें फोन रिंग पर भी दोनों ओर मतदान करने का संदेश देना, आकाशवाणी वार्ता, रक्षाबंधन पर आशीष उपाध्याय यूट्यूबर द्वारा भाई-बहन के रक्षा वचन में मतदान करने का वचन लेना, मानव आकृति के साथ 100 प्रतिशत मतदान करने का संदेश देना, महिलाओं के द्वारा मतदान को लेकर मेंहदी बनाना, पदम श्री राम सहाय पांडे, स्वीप आइकॉन गोविंद नामदेव एवं वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा भी मतदान करने के संबंध में अपील जारी की गई है। लघु फिल्में एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा भी मतदान करने की अपील की गई है।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।